■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक -20)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 19 जून ,2023



▶ बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री से विवाह की बात थी झूठ

▶ गुटखा मालिक समेत तीन अन्य पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

▶ पिंपल्स को दूर करने के लिए ऐसे करें तुलसी का इस्तेमाल

## न्यूज संक्षिप्त

### 5 दिन बाद फिर कांपी धरती, पंजाब में लगे भूकंप के झटके

संगरूर। पंजाब में आज पांच दिन बाद एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस बार भी केंद्र जम्मू-कश्मीर ही रहा है। यह झटके 5 दिन पहले आए भूकंप से कम थे। झटकों के बाद एक बार फिर लोगों में अफरातफरी मची और लोग अपने घरों से बाहर आ गए। इस बार इन झटकों का केंद्र कटरा में रहा।

नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी इंडिया के अनुसार यह भूकंप रविवार अलसुबह 3.50 बजे आया। रिक्टर स्केल पर इसका कंपन 4.1 मेग्नीट्यूड था। इसका केंद्र कटरा से 80 किमी पूर्व धरती में 11 किमी नीचे लेटीट्यूड 42.96 और लांगीट्यूड 75.79 था। जिसका असर जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ में भी महसूस किया गया।

### छापेमारी कार्रवाई में शामिल हुए ब्रिटिश पीएम सुनक

लंदन। अवैध आव्रजकों के खिलाफ जारी देशव्यापी अभियान के तहत ब्रिटेन के गृह विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी छापेमारी की कार्रवाई में शामिल हुए। अभियान के तहत 20 अलग-अलग देशों के 105 नागरिकों को गिरफ़्तार किया गया है। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने 43 वर्षीय सुनक ने उत्तरी लंदन के ब्रेंट में इस सप्ताह की शुरुआत में ऐसे अभियान में हिस्सा लिया और आव्रजन अधिकारियों को कार्रवाई करते हुए देखा। ब्रिटिश नेता ने अगले साल संभावित आम चुनावों से पहले अवैध आव्रजकों के खिलाफ कार्रवाई को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में जगह दी है। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएल्ला ब्रावेरमैन ने कहा, 'अवैध कामगारों से हमारे समुदायों को नुकसान हो रहा है, इससे ईमानदार कामगारों को बेरोजगारी झेलनी पड़ रही है।'

### राहुल गांधी के जन्म दिन पर कल पदभार संभालेंगे शक्ति सिंह गोहिल

अहमदाबाद। गुजरात के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्म दिन के अवसर पर सोमवार को अपना पदभार संभालेंगे। गत सप्ताह गुजरात से राज्यसभा सांसद गोहिल को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वे अब तक इस पद रहे जगदीश ठाकोर का स्थान लेंगे। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नेताओं से पार्टी में वापस आने की अपील की।इससे पहले उन्होंने रविवार को गांधी आश्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया। यहां पर भजन व प्रार्थना में भाग लिया। इसके बाद गांधी आश्रम से पालडी स्थित गुजरात प्रदेश कांग्रेस समिति (जीपीसीसी) के मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली। गोहिल के अनुसार गांधी आश्रम से लेकर राजीव गांधी भवन तक की पदयात्रा कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं था बल्कि यह लोगों के प्रेम का प्रदर्शन था। इस पदयात्रा में पार्टी के सभी नेताओं का सहयोग रहा।

## पीएसयू में दो लाख से अधिक नौकरियां खत्म की गई, सरकार 'युवाओं की उम्मीदें कुचल रही: राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में दो लाख से अधिक नौकरियों को 'खत्म कर दिया गया है।

राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार अपने कुछ 'पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए लाखों युवाओं की उम्मीदें कुचल रही है। उन्होंने कहा कि पीएसयू भारत का गौरव और रोजगार के लिए हर युवा का सपना हुआ करते थे, लेकिन आज वे 'सरकार की प्राथमिकता नहीं हैं। राहुल ने ट्वीट किया, ''देश के पीएसयू में नौकरियां 2014 में 16.9 लाख से कम होकर 2022 में मात्र 14.6 लाख रह गई हैं। क्या एक प्रगतिशील देश में नौकरियां कम होती हैं? उन्होंने कहा, ''बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) में 1,81,127, सेल (भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड) में 61,928 , एमटीएनएल (महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड) में 34,997, एसईसीएल (दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड) में 29,140, एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) में 28,063 और ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड) में 21,120 नौकरियां कम हुईं। राहुल ने सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि हर साल दो करोड़ रोजगार देने का झूठा वादा करने वालों ने नौकरियां बढ़ाने की जगह दो लाख से अधिक नौकरियां 'खत्म कर दीं।

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा इन संस्थानों में संविदा पर भर्तियां लगभग दोगुनी कर दी गईं। क्या संविदा कर्मचारी बढ़ाना आरक्षण का संवैधानिक अधिकार छीनने का तरीका नहीं है? क्या यह आखिरकार इन कंपनियों के निजीकरण की साजिश है? राहुल ने कहा कि उद्योगपतियों का ऋण माफ और पीएसयू से सरकारी नौकरियां साफ। ये कैसा अमृतकाल?उन्होंने सवाल किया कि अगर यह वाकई में 'अमृतकाल, है तो नौकरियां इस तरह गायब क्यों हो रही हैं? राहुल ने कहा, ''देश इस सरकार के शासन में रिकॉर्ड बेरोजगारी से जूझ रहा है, क्योंकि लाखों युवाओं की उम्मीदों को कुछ पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पीएसयू को अगर सरकार से सही वातावरण और समर्थन मिले, तो वे अर्थव्यवस्था और रोजगार दोनों को बढ़ाने में सक्षम हैं।

## पुणे के गंगाधाम में लगी भयंकर आग, 25 गोदाम जलकर खाक, खाली कराये गए आस-पास के घर

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे जिले के गंगाधाम इलाके में रविवार को कई गोदामों में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। वहीं आसपास के घरों में रह रहे लोगों को वहां से हटाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।जानकारी के मुताबिक, पुणे में आई माता मंदिर के पास गंगाधाम रोड पर स्थित गोदामों में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। पंडाल और सजावट फर्म के गोदाम से शुरू हुई आग तेजी से आस-पास के गोदामों में भी फैल गई। इससे पहले कि दमकलकर्मी इस पर काबू पाते, 20 से ज्यादा गोदाम जलकर खाक हो गए।पुणे फायर ब्रिगेड विभाग ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए मौके पर 22 दमकल गाड़ियां मौजूद हैं। आग में विभिन्न सामग्रियों के करीब 20 से 25 गोदाम जलकर खाक हो गए। आग के विकराल रूप को देखते हुए प्रशासन ने गोदामों के आसपास के कुछ निवासियों को हटाकर सुरक्षित जगह भेजा है।बताया जा रहा है कि आग दो एकड़ में फैले अशोक



मंडप डेकोरेटस के गोदाम में लगी थी। जिसके करीब कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट, निर्माण सामग्री, ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स और विभिन्न हार्डवेयर की कंपनियों से संबंधित 20 से अधिक गोदाम हैं। जिस वजह से आग फैलती गई और पूरे क्षेत्र में जलती हुई लकड़ी, कपड़े और प्लास्टिक का धुआ भर गया।

पुणे फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को आज सुबह करीब 8.55 बजे आग लगने की सूचना मिली।जिसके बाद पुणे फायरब्रिगेड और पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी की 22 दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के अभियान में लगाया गया।

## मणिपुर के 11 जिलों में फिर लगा कर्फ्यू

इंफाल। मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। रुक-रुककर भीड़ हमलावर हो रही है। शुक्रवार रातभर हुई झड़पों में कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल में भीड़ ने भाजपा नेताओं के घर जलाने की भी कोशिश की। वहीं, अलग-अलग घटनाओं में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाकटा और चुराचांदपुर जिले के कंगवई से पूरी रात गोलीबारी की खबर है। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम पुलिस थाने में लूट की कोशिश की गई। अधिकारियों के अनुसार, दंगाइयों को रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और आरएएफ ने इंफाल में आधी रात तक संयुक्त मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि लगभग 1,000 लोगों की भीड़ ने महल परिसर के पास स्थित इमारतों में आग लगाने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इंफाल में भीड़ ने विधायक बिस्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश भी की। इस बीच, मणिपुर सरकार ने राज्य में अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए 11 जिलों में कर्फ्यू लगाने के साथ इंटरनेट सेवाओं को प्रतिबंधित कर दिया है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद पहली बार तीन मई को झड़पें हुईं। मेइती समुदाय की आबादी मणिपुर की कुल आबादी का लगभग 53 प्रतिशत है और इसके ज्यादातर सदस्य इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी कुल आबादी का 40 प्रतिशत है और वे अधिकतर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

## सीएम बघेल के बयान पर मचा बवाल, कहा - भाजपा बेनकाब हो गई

रायपुर। कोल घोटाले में कारोबारी सूर्यकांत तिवारी पर कर्नाटक पुलिस की ओर से दर्ज दो धाराओं को हटाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा है। हमारी सरकार आते ही जांच में कर्नाटक पुलिस को यह अधिकार नहीं है कि वे प्रकरण दर्ज करें। जांच में धारा 120 बी और 384 को अवैधानिक पाया गया।जहां भी उनकी सरकार रहती है वह पुलिस प्रशासन सहित अन्य एजेंसियों पर दबाव बनाकर अपने विरोधियों पर कार्रवाई करवाती है। आरएसएस द्वारा छत्तीसगढ़ में विदेशी फंडिंग का आरोप लगाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, यदि छत्तीसगढ़ में विदेशी फंडिंग की बात आरएसएस कर रही तो यह केंद्र सरकार पर भी सवाल उठता है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इस बारे में केंद्र की भाजपा सरकार सही बता सकती है।

## दिल्ली में भाई पर हमला कर रहे बदमाशों के आगे ढाल बनीं बहनें, बदमाशों ने दोनों की गोली मारकर की हत्या

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम इलाके में रविवार सुबह हमलावरों ने दो महिलाओं की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के कुछ घंटे के भीतर ही मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों महिलाओं के भाई ने तड़के करीब चार बजकर 40 मिनट पर पुलिस को फोन कर बताया कि उसकी बहनों को आंबेडकर बस्ती में गोली मार दी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा, ''प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हमारा पुलिस दल मौके पर पहुंचा और पाया कि दो महिलाओं को गोली लगी है। उन्हें एसजे अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। डीसीपी के मुताबिक, मृत महिलाओं की पहचान पिंकी (30) और ज्योति (29) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हमलावरों का महिलाओं के भाई के साथ पैसों को लेकर विवाद था। जब हमलावर उनके भाई पर हमला कर रहे थे तो दोनों बहनें ढाल बनकर आगे आ गई ओर हमलावरों ने उन्हें गोली मारी। अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। डीसीपी ने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच जारी है।

## सभी 2,464 फंसे हुए पर्यटकों को उत्तरी सिक्किम से निकाला

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम के जिला कलेक्टर (डीसी) हेम कुमार छेत्री ने रविवार को कहा कि मौसम संबंधी उतार-चढ़ाव और भूस्खलन के कारण व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य के मद्देनजर पर्यटकों को इस जिले में आने के लिए कोई नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा, यहां तक ??कि सभी 2,464 फंसे पर्यटकों को बचा लिया गया है।उन्होंने कहा कि तीन दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के बाद फंसे सभी 2,464 पर्यटकों को निकालने का काम शनिवार शाम पूरा हो गया। उत्तरी सिक्किम डीसी ने कहा कि नामची कॉलेज के सभी पर्यटक और 60 छात्र अधिकारियों द्वारा व्यवस्थित वाहनों से अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने पर्यटकों को सफलतापूर्वक निकालने के लिए बीआरओ, जीआरईएफ, आईटीबीपी, सेना और जिला अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## न्यूयॉर्क, वाशिंगटन में मोदी के कार्यक्रमों के दौरान प्रस्तुति देंगी हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी मिलबेन



वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले हफ्ते होने वाली अमेरिका की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री एवं गायिका मैरी मिलबेन न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी में होने वाली उनके कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगी। शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। अफ्रीकी मूल की अमेरिकी नागरिक मिलबेन (38) राष्ट्रगान 'जन गण मन...% और 'ओम जय जगदीश हरे... के गायन को लेकर भारत में काफी लोकप्रिय हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, मिलबेन 21 जून को नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएनएचक्यू) के 'नॉर्थ लॉन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अभिनेत्री ने कहा,मैं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी, (संयुक्त राष्ट्र में भारत की) स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में उनके पहले कार्यक्रम में स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं। विज्ञप्ति के अनुसार, मिलबेन को 23 जून को वाशिंगटन की रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग में आयोजित होने वाले भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए भी आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। जो बाइडन और उनकी पत्नी 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी करेंगे।

## अंबरनाथ में पटरी से उतरी लोकल ट्रेन, 2 घंटे ठप रहा ट्रैफिक, सेंट्रल लाइन का शेड्यूल बिगड़ा




मुंबई। मुंबई में हजारों रेल यात्रियों के लिए आज (रविवार) की सुबह परेशानी भरी रही। अंबरनाथ स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के पटरी से उतरने से मध्य रेलवे की यातायात दो घंटे से ज्यादा समय तक बाधित रही। जिसकी वजह से लोकल ट्रेन के यात्रियों के साथ ही कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों के यात्रियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ठाणे जिले के अंबरनाथ स्टेशन से मुंबई की ओर जा रही लोकल ट्रेन की एक बोगी आज सुबह साढ़े 8 बजे के करीब बेपटरी हो गई।

सेंट्रल रेलवे ने बताया कि हादसा रविवार सुबह 8.25 बजे हुआ। रेलवे के मुताबिक, साइडिंग में खाली ईएमयू रेक पटरी से उतर गया। जिस वजह से कल्याण से कर्जत के बीच डाउन ट्रैफिक प्रभावित हुई। इस हादसे के बाद डाउन कल्याण से बदलापुर सेक्शन ब्लॉक हो गया। हालांकि डाउन बदलापुर से कर्जत सेक्शन और अप कर्जत से कल्याण सेक्शन में ट्रेनें चलती रही।हालांकि लोकल ट्रेन के कुछ ही पहिये उतरे थे, जिस वजह से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लेकिन इससे मुंबई से पुणे जाने वाली लाइन बाधित हो गई। हालांकि रेलवे कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर मरम्मत का काम किया और ट्रेनों की आवाजाही 10.40 बजे शुरू हो गई। रेलवे को 2 घंटा 15 मिनट में पटरी से उतरे कोच को पटरी पर लाने में सफलता मिल गई। सेंट्रल रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल मुंबई से पुणे व देश के अन्य हिस्सों में जाए व आने वाली कुछ ट्रेनें देरी से चल रही है। इसकी प्रमुख वजह पुणे जाने वाली कई ट्रेनें इसी रूट से चलती हैं। मध्य रेलवे के कल्याण जंक्शन और कर्जत स्टेशन के बीच ट्रेनों का यातायात ठप पड़ने से मुंबई आने-जाने वाला रेलवे रूट प्रभावित हुआ है। ट्रेन संख्या 18520 विशाखापत्तनम एक्सप्रेस को भी अंबरनाथ स्टेशन के होम सिग्नल पर रोका गया। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, मध्य रेलवे का शेड्यूल जरूर बिगड़ गया है।

## जन्मदिन पर राज ठाकरे ने काटी औरंगजेब की 'गर्दन', केक की तस्वीर वायरल



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे का जन्मदिन एक बार फिर चर्चा में है. गुरुवार को राज ठाकरे ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर उन्होंने जो केक काटा उस पर औरंगजेब और लाउडस्पीकर का चित्र बना हुआ था. राज ठाकरे के लिए आए इस केक की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई.जानकारी के मुताबिक, राज ठाकरे के लिए उनके जन्मदिन के मौके पर समर्थकों यानी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ये केक भेजा था. राज ठाकरे ने इस केक पर बने मुगल बादशाह औरंगजेब की तस्वीर पर चाकू चलाया और केट काटा. यही नहीं, उन्होंने केक पर बने लाउडस्पीकर पर भी चाकू चलाया.केक काटने के दौरान दिलचस्प बात देखने को मिली. राज ठाकरे ने केक पर छपी औरंगजेब की तस्वीर पर उसकी गर्दन की जगह पर चाकू गड़ा दिया. साथ ही मस्जिद के लाउडस्पीकर वाली तस्वीर को उसके आधे हिस्से से काटकर दो टुकड़े कर दिए. इसके बाद सोशल मीडिया पर केक की तस्वीर वायरल हो गई.राज ठाकरे हमेशा से मस्जिद में लगने वाले लाउडस्पीकर के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं. उन्होंने उद्धव ठाकरे की सरकार के दौरान भी लाउडस्पीकर को मस्जिदों से हटाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था. ये वही समय था जब महाराष्ट्र में हनुमान चालिसा को खुले में लाउडस्पीकर पर बजाने का मुद्दा गरमाया था.

हालांकि, महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन हुआ और बीजेपी-शिंदे गुट के गठबंधन वाली सरकार बन गई. इसके बाद ये मुद्दे भी शांत हो गए. हाल के दिनों में महाराष्ट्र के कई जिलों में औरंगजेब को लेकर हिंसा भड़की थी. कोल्हापुर और अहमदनगर में भड़की हिंसा के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी थी. इसके बाद महाराष्ट्र के कई अन्य जिलों में भी हिंसा देखने को मिली थी. दरअसल, औरंगजेब की तारीफ में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किए जाने के बाद हिंदू संगठनों ने इसका विरोध किया था. इसी दौरान तोड़-फोड़ और पत्थरबाजी देखने को मिली थी.

## मोदी, योगी की तारीफ नहीं हुई बर्दाश्त, ड्राइवर ने शख्स को गाड़ी से कुचल कर मार डाला

एक चौंकाने वाली घटना में, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में एक ड्राइवर ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला क्योंकि उसने पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आलोचना करने पर आपत्ति जताई थी. आरोपी की पहचान अमजद के रूप में हुई है जबकि मृतक राजेश दुबे (59) हैं.मृतक अपने भाई राकेश दुबे के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए मिर्जापुर में आरोपी की कार से जा रहे थे, तभी यह घटना सोमवार शाम को हुई. मिर्जापुर के एसपी संतोष मिश्रा ने कहा कि कार में सवार लोगों के बीच राजनीति को लेकर कुछ कहासुनी हुई, जिससे ड्राइवर नाराज हो गया और उसने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की आलोचना शुरू कर दी.मृतक ने कथित तौर पर नेताओं की आलोचना का विरोध किया और ड्राइवर के साथ उसकी तीखी बहस हो गई. कुछ देर बाद अन्य यात्री अपने-अपने गंतव्य पर उतर गए और कार में राजेश दुबे ही अकेले रह गए.कुछ देर बाद राजेश भी कार से उतरकर अपने घर की ओर जा रहे थे कि तभी अमजद ने कार उनके ऊपर चढ़ा दी. दुबे की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने मिजार्पुर-प्रयागराज हाईवे पर प्रदर्शन किया. आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया.

# संपादकीय

## कैसी हो लोकतंत्र की चमक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी की वह टिप्पणी गौर करने लायक है, जिसमें भारत को एक जीवंत लोकतंत्र बताया गया था। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति भवन के इस अधिकारी जॉन किर्बी ने यहां तक कहा कि जिसको भारतीय लोकतंत्र की साख पर विश्वास न हो वह दिल्ली घूमकर कथन की प्रमाणिकता जान ले। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कारोबार को अपनी तमाम नीतियों के केंद्र में रखने वाले अमेरिका के हर बयान के गहरे निहितार्थ होते हैं। लोकतंत्र-लोकतंत्र के खेल के जरिये दुनिया की तमाम सरकारों को बनाने और बिगाड़ने के उपक्रम में वह दशकों तक एक पक्ष रहा है। अमेरिका के बारे में अकसर कहा भी जाता है कि अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यकों की दशा को लेकर सवाल खड़े किये गये थे। अमेरिका की कई अन्य संस्थाएं भी गाहे-बगाहे ऐसे सवाल खड़ी करती रही हैं। जाहिर है अमेरिका चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले माहौल बनाया जाये ताकि बड़े रक्षा सौदों को अंतिम रूप देने में कोई पुरानी कसक बाधक न बने। वैसे भारत को लोकतंत्र की जीवंतता को लेकर किसी अमेरिकी सर्टीफिकेट की आवश्यकता नहीं है। आजादी का अमृतकाल मनाते देश में आजादी के बाद भले ही एक दल या कई दलों की सरकारें बनी हों, वामपंथ या दक्षिणपंथ के रुझान की सरकारें बनी हों, हर बार सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक ही हुआ है। आज भी स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा बनाया गया संविधान हमारा मार्गदर्शक है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी जीवंतता से पूरी दुनिया के लोकतांत्रिक देशों का मार्गदर्शन कर रहा है। निस्संदेह, राजनीतिक विद्रूपताओं व जीवन मूल्यों की गिरावट से कुछ विसंगतियां सामने आई हैं, लेकिन सदियों तक साम्राज्यवादी ताकतों के दोहन से उपजी अथाह गरीबी व एक बड़ी आबादी भी इसके मूल में रही हैं।यह एक संयोग ही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय पर हो रही जब कुछ दिन पहले तक विपक्षी कांग्रेसी नेता राहुल गांधी मोदी सरकार की रीति-नीतियों को लेकर अमेरिका में तमाम सवाल खड़े करते रहे हैं।जिसके मूल में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत साख ही है। वैसे अमेरिका के मौजूदा रुख में आये बदलाव के मूल में तेजी से बदलते वैश्विक सामरिक समीकरण भी हैं। जिसके संतुलन के लिये अमेरिका को भारत जैसे बड़े देश के साथ की जरूरत है। खासकर साम्राज्यवादी चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगाने के लिये। पिछले कुछ वर्षों में चीन एलएसी पर भारत के लिये जैसी चुनौतियां पैदा करता रहा है उसका मुकाबला भी अमेरिका जैसी विश्व शक्ति के सहयोग से संभव है। बहरहाल, भारत के लिये यह गौरव की बात है कि 21 से 24 जून तक चलने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा रक्षा सौदों के अलावा भी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। अमेरिकी सांसदों के बुलावे पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी वे संबोधित करेंगे। निस्संदेह, मौजूदा हालात में अमेरिका चीन के मुकाबले के लिये भारत को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है।

# बिपरजॉय चक्रवात में जनहानि से बचाना आपदा प्रबंधन की बड़ी सफलता

**इसमें कोई दो राय नहीं कि इस तरह के तूफान से हानि तो होनी ही है पर जनहानि को न्यूनतम रखा जाना किसी भी सरकार की सबसे बड़ी सफलता मानी जा सकती है। यह साफ हो जाना चाहिए कि कुदरती आफत को रोका तो नहीं जा सकता पर पूर्व व योजनावद्ध तैयारी से हानि को कम से कम स्तर पर लाया जा सकता है। बिजली की खंभे गिर जाना, टीन टप्पर उड़ जाना, पेड़ गिर जाना आदि नुकसान तो होना ही है पर नुकसान को कम से कम स्तर पर लाना और तात्कालिक राहत की सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करना बड़ी सफलता माना जाना चाहिए। हांलाकि अब गुजरात और राजस्थान में तेज बरसात का दौर चल गया है।**



देश दुनिया में आये इस तरह के किसी भी तूफान में संभवत: यह पहला प्रबंधन होगा जिसमें लगभग नहीं के बराबर जनहानि हुई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस तरह के तूफान से हानि तो होनी ही है पर जनहानि को न्यूनतम रखा जाना किसी भी सरकार की सबसे बड़ी सफलता मानी जा सकती है।

केन्द्र व राज्यों की सरकारों, देश की आपदा प्रबंधन टीम, मौसम विज्ञानियों, तटरक्षक बल टीम व इस अभियान से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े सभी के समग्र प्रयासों से अरब सागर पर आये सुपर साइक्लोन बिपरजॉय को गुजरात के लैंड फॉल के दौरान बिफरने से इस तरह बचा लिया कि देश दुनिया में आये इस तरह के किसी भी तूफान में संभवत: यह पहला प्रबंधन होगा जिसमें लगभग नहीं के बराबर जनहानि हुई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस तरह के तूफान से हानि तो होनी ही है पर जनहानि को न्यूनतम रखा जाना किसी भी सरकार की सबसे बड़ी सफलता मानी जा सकती है। यह साफ हो जाना चाहिए कि कुदरती आफत को रोका तो नहीं जा सकता पर पूर्व व योजनावद्ध तैयारी से हानि को कम से कम स्तर पर लाया जा सकता है। बिजली की खंभे गिर जाना, टीन टप्पर उड़ जाना, पेड़ गिर जाना आदि नुकसान तो होना ही है पर नुकसान को कम से कम स्तर पर लाना और तात्कालिक राहत की सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करना बड़ी सफलता माना जाना चाहिए। हांलाकि अब गुजरात और राजस्थान में तेज बरसात का दौर चल गया है। प्राप्त समाचारों के अनुसार लैंड फॉल के बाद केवल दो की मौत के समाचार है। हांलाकि जनहानि एक भी होती है तो उसे स्वीकार्य नहीं माना जा सकता पर जिस तरह से इस चक्रवात के सजीव प्रसारणों के दौरान कुछ लोगों को लाख समझाइश के बाद भी लापरवाही से घूमते हुए देखा गया वह किसी दण्डनीय अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए। जिस तरह से बिपरजॉय को लेकर समूचा देश चिंता ग्रस्त रहा उसे देखते हुए और तूफान की भयावहता के बावजूद जिस तरह से मौसम विज्ञानियों की मिनट टू मिनट आकलन सटीक रहा वह मौसम विभाग की भविष्यवाणियों को लेकर अभी तक चली आ रही सभी नकारात्मकता को धो कर रख दिया है। मौसम विभाग ने समय और गति का जिस तरह से आकलन किया वह लगभग खरा उतरा है और हमारे मौसम विज्ञानियों के आकलन ने विश्वस्तर पर लोहा मनवा दिया है। 14 जून को आया बिपरजॉय तूफान अब समुद्री रास्ता तय करने के बाद गुजरात और राजस्थान की जमीं पर तेज हवा और बरसात के माध्यम से दो तीन दिन तक अपना असर दिखायेगा। केन्द्र के साथ ही गुजरात और राजस्थान सरकार हालात से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और यह मानके चलना चाहिये कि इससे जनहानि तो नहीं ही होगी। दरअसल एक समय था जब अरब सागर इस तरह के समुद्री तूफानों का केन्द्र लगभग नहीं के बराबर ही रहता था। पर अब अरब सागर में तूफानी गतिविधियां अधिक होने लगी है। मौसम विज्ञानियों की माने तो अरब सागर क्षेत्र में बढ़ते तापमान से चक्रवातों की तीव्रता और बारबारिता में बढ़ोतरी हुई है। 7516 किमी लंबें तटीय क्षेत्र 8 प्रतिषत उष्ण कटीबंधीय चक्रवात भारत में आ रहे हैं। अरब सागर में आने वाले चक्रवातों से 9 प्रदेशों के 82 करोड़ लोग प्रभावित होने के साथ ही अरबसागरीय तूफान का असर पाकिस्तान और यमन ओमान तक देखा जा सकता है।

अरब सागर के यह चक्रवाती तूफान भी देखा जाए तो मई जून यानी की मानसून के आसपास ही देखे गये है। बिपरजॉय को लेकर इसलिए अधिक चिंता और गंभीरता रही कि गुजरात में 1996 और 1998 में आये चक्रवाती तूफानों खासतौर से 1998 के टाइफून के दौरान जिस तरह से पोर्ट के इर्दगिर्द हजारों की संख्या में लोगों की मौत और गुम होने का दंश आज भी गुजरात के लोग सह रहे हैं। ऐसे में बिपरजॉय की भयावहता को देखते चिंतित होना स्वाभाविक भी था। हांलाकि जिस तरह से प्रबंधन दक्षता व परस्पर समन्वय का परिचय दिया गया है उसकी जितनी सराहना की जाएं वह कम है। देष में 2013 के फैलिना तूफान से लेकर, हुदहुद, वरदा, फैनी, अम्फान, ताउते व बिफरजॉय तूफान तक 11 बड़े चक्रवती तूफान आ चुके हैं। दरअसल बिफरजॉय तूफान सुपर साइक्लोन होने के कारण इससे भारी जन-धन हानि होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। यही कारण है कि करीब एक लाख लोगों को गुजरात के तटीय इलाकों खासतौर से मांडवी व आसपास के क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। लोगों को सावचेत किया गया। पल पल की जानकारी साझा की जाती रही। लगभग सौ ट्रेनों के फेरे रद्द किए गए या उनकी राह बदली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ना केवल स्थिति पर नजर रखते रहे हैं अपितु उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।इसमें कोई दो राय नहीं कि बिपरजॉय तूफान ने बड़ी तबाही मचाई है और बिजली-मोबाइल पोल्स के साथ ही पेड़ों को धराशाही कर और इसी तरह के अन्य नुकसान से अपने तबाही के चिन्ह छोड़े हैं। पर सबसे बड़ी बात जनहानि होने से बचाना और तबाही को कम से कम स्तर पर लाना बड़ी बात होती है। समय पर और सटीक मौसम अनुमान और तैयारियों से निश्चित रुप से जिस तरह की देश ने परिचय दिया है वह पूरी दुनिया के लिए आपदा प्रबंधन की एक मिसाल से कम नहीं माना जा सकता। इससे बेहतर प्रबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अब तो आशा यह की जानी चाहिए कि अब आंधी बरसात के दौर से भी प्रभावी तरह से निपटकर बिपरजॉय के आतंक को कुंद किया जाए। जनहानि से बचाना आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी सफलता है।

14 जून को आया बिपरजॉय तूफान अब समुद्री रास्ता तय करने के बाद गुजरात और राजस्थान की जमीं पर तेज हवा और बरसात के माध्यम से दो तीन दिन तक अपना असर दिखायेगा। केन्द्र के साथ ही गुजरात और राजस्थान सरकार हालात से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और यह मानके चलना चाहिये कि इससे जनहानि तो नहीं ही होगी। दरअसल एक समय था जब अरब सागर इस तरह के समुद्री तूफानों का केन्द्र लगभग नहीं के बराबर ही रहता था। पर अब अरब सागर में तूफानी गतिविधियां अधिक होने लगी है। मौसम विज्ञानियों की माने तो अरब सागर क्षेत्र में बढ़ते तापमान से चक्रवातों की तीव्रता और बारबारिता में बढ़ोतरी हुई है। 7516 किमी लंबें तटीय क्षेत्र 8 प्रतिषत उष्ण कटीबंधीय चक्रवात भारत में आ रहे हैं।

# ना हैंडपंप मिला ना मार्ग आखिर कैसे होगा 2024 में बेड़ापार ..!

भाजपा के लिए आगामी लोकसभा चुनाव कर्नाटक की ही भांति अत्यधिक चुनौतीपूर्ण होने जा रही है और इस बार मुकाबला एकतरफा होने की उम्मीद बिल्कुल नही क्योंकि मोदी जी के बने बनाए बिसात पर उनके कार्यकाल में जीते सांसदों ने अपनी मनमानी से सब कुछ तीतर बितर कर दिया है । कई लोकसभा के हालात तो यह है की सांसद कई गांवों तक तक पहुंचे ही नही और विकास कार्य भी केवल अपने मातहतों के लिए कर डाले ऐसे में जनता का क्रोध चरम पर है । बतौर पत्रकार ऐसे कई लोकसभा चिन्हित है जिनमें जनता अपने सांसद को बदलने के लिए वोट डालने के मूड में है तो वही कई सांसद ऐसे भी है जो यह जान चुके है की इस बार पार्टी उन्हे टिकट देगी नही गोया इसलिए वो पार्टी बदलने के लिए भी समीकरण ढूंढ रहे। कुछ सांसद तो ऐसे भी है जो ये मन बना के बैठे है कि धनबल और बाहुबल के दम पर टिकट लेकर चुनावी मैदान में कूदेंगे पर जनता का मूड इस बार कुछ और ही है । मोदी जी की लोकप्रियता पर पानी फेरने वाले ऐसे सांसदो की सूची बन कर तैयार हो गई होगी और अगर नही हुई है तो प्रदेश अध्यक्षों को इसपर अमल करना होगा अन्यथा उत्तर प्रदेश में भाजपा को 80 तो क्या 50 जीतने के लिए भी पापड़ बेलने पड़ेंगे । कई क्षेत्रों और गांवों में तो हैंडपंप कागजों पर लगे वही कई ग्रामीण सड़को को कागजों पर रिपेयर करा लिया गया होगा क्योंकि ग्रामीणों ने कई बार अपने अपने क्षेत्र के सांसदो के यहां अर्जी डाला पर कोई सुनवाई नहीं हुई । एक दो लोकसभा क्षेत्रों में ही नही कमोबेश पूरे उत्तर प्रदेश में यही स्थिति है की सांसदो के चाटुकारों और उनके प्रतिनिधियों ने अपने लिए ही सारी सुविधाएं जब्त कर ली ऐसे में जनता का आक्रोश बताता है की आने वाला लोकसभा चुनाव कदापि सरल नहीं होने वाला है । मैं जिस लोकसभा से आता हूं वह है मछलीशहर जो की सुरक्षित लोकसभा है और यहां के सांसद बीपी सरोज है जिनका प्रदर्शन भी औसत ही माना जा रहा और ऐसे में उन्हें अपनी कुर्सी बचाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ेगी । जनता के फीडबैक और आंतरिक



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**हरियाणवी डांसर सपना चौधरी ने अपने बेटे का नामकरण प्रथम जन्मदिवस पर दुनिया को कुछ इस अंदाज में बताया कि मुझे यकीन है तू आम नहीं है, तू आम घर में है, लेकिन तू आम नहीं है। दुनिया की नजरें बुरी हैं, इसलिए सरेआम नहीं है। हम तो एक जरिया थे, तू इस माटी का लाल है। तू उस कौम का हिस्सा है जिसने तैमूर से लेकर सिकंदर तक को थामा है,**

मूल्यांकन के अनुसार बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्के मार्ग , सोलर लाइट, हैंडपम्म, आवास इत्यादि की सुविधाएं सीधे जनता तक नहीं पहुंच सकी है वही कई विधानसभा क्षेत्र में मार्गो की स्थिति दयनीय बताई जा रही ऐसे में मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा सीट पर भी लड़ाई कांटे की होने की उम्मीद है । बात करे लोकसभा मछलीशहर की तो वर्ष 2009 के परिसीमन में आमूल-चूल भौगोलिक परिवर्तन के साथ मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र सुरक्षित घोषित किया गया । मछलीशहर में पहली बार 1962 में यहां पहली बार चुनाव हुआ। इसमें कांग्रेस के गणपत राम ने जीत दर्ज की और मछलीशहर के पहले सांसद बने ।पहले चुनाव के दौरान यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी ।1967 में परिसीमन के बाद यह सीट सामान्य श्रेणी में आ गई। 1962 से 1971 तक हुए आम चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की। 1977 में भारतीय लोकदल के राजकेसर सिंह ने जीत दर्ज करके कांग्रेस का विजय रथ रोका ।वर्ष 2009 में एक बार फिर चुनाव आयोग की परिसीमन की कवायद की जद में यह क्षेत्र आ गया। इस बार बड़े भौगोलिक बदलाव के साथ इसे सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र घोषित कर दिया गया। परिसीमन के बाद इस क्षेत्र में तत्कालीन सैदपुर (सु) लोकसभा क्षेत्र को समाप्त कर जफराबाद (बयालसी), केराकत (सु), मछलीशहर, मड़ियाहूं व वाराणसी जनपद की पिंडरा विधान सभा को शामिल किया गया। आजादी के बाद से इस क्षेत्र के भूगोल व इतिहास में नए-नए बदलाव के साथ प्रयोग तो खूब हुए लेकिन समूचे क्षेत्र में विकास के पैमाने की कसौटी पर कसने पर महज झुनझुना ही नजर आता है। इस क्षेत्र का कुछ हिस्सा पहले इलाहाबाद जिले की फूलपुर सीट से जुड़ा था ।जिले के एक मात्र औद्योगिक क्षेत्र के विकास की गति भी तेजी पकड़ती गई। 1996 में सीडा ( सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की स्थापना कर दी गई। क्षेत्र मे रह रहे नवयुवकों, बेरोजगारों को सपनें पर 2005 के आस-पास से सीडा के विकास पर ग्रहण लग गया। फैक्ट्रियां बंद होने लगीं, नए उद्यमी इधर का रुख करना छोड़ दिया। आज हालात ऐसे बन आए कि सीडा की तकरीबन 300 फैक्ट्रियों में ताला लग गया। पिछले 13 साल से एक भी प्लाट का आवंटन नहीं हुआ। 198 फैक्ट्रियां यहां आज भी चालू हालत में जरूर हैं पर वे भी उपेक्षा का दंश झेल रही हैं। उद्यमियों की मानें तो सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है ।मछलीशहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 74वें नंबर की सीट है। जौनपुर से 20 किलोमीटर दूर बसा मछलीशहर एक ऐतिहासिक नगर है। बुद्ध काल में इस जगह पर मछिका खंड था। किवदंतियों के मुताबिक यह जगह भगवान बुद्ध को बहुत प्रिय थी। वर्तमान में मछलीशहर पूर्वांचल के जौनपुर जिले का हिस्सा है। यह एक मुख्य व्यापारिक केंद्र और तहसील है ।मछलीशहर संसदीय सीट में यूपी की पांच विधानसभा सीटें आती है जिनमें मछलीशहर, केराकत, पिंडरा, मरियाहू और जाफराबाद शामिल है। 2011 की जनगणना के मुताबिक मछलीशहर तहसील में 1,09,524 लाख परिवार है ।

# किशोर उम्र की हरकतों और अनुभूतियों को झलकाती फिल्म 'चिड़ियाखाना' का 'बाबू' बेमिसाल है



राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम द्वारा निर्मित और मनीष तिवारी के द्वारा निर्देशित फ़ीचर फ़िल्म 'चिड़ियाखाना' अपने अतरंगी किरदारों के लिए रिलीज के बाद से चर्चा का विषय बनी हुई है। 'चिड़ियाखाना' एक क्लासिक अंडरडॉग कहानी है। इस फिल्म के मुख्य किरदार में ऋत्विक सहोर हैं। उनका किरदार बिहार के एक लड़के का है, जो अपनी मां के साथ मुंबई के चॉल में रहता है। इस फिल्म की कहानी ऐसे शख्स की है, फुटबॉल और जुनून के लिए अपनी अमिट छाप छोड़ता है। राजेश्वरी सचदेव, प्रशांत नारायण, गोविंद नामदेव, अंजन श्रीवास्तव, नागेश भोंसले, अवनीत कौर और दो सीन में आए रवि किशन ने भी अपने किरदार को बेहतरीन तरीके से जीवंत किया है । एक धौंस जमाने वाले किशोर खलनायक के किरदार को अपने अभिनय प्रतिभा के बदौलत नया स्वरूप प्रदान किया है जो दिल को छू जाता है। जयेश कर्दक जब जब परदे पर आता है सिनेमा घरों में खूब तालियाँ सीटियाँ बजती है। दर्शक उसके अभिनय क्षमता को खूब पसंद कर रहे हैं। जयेश कर्दक निर्देशक मनीष तिवारी के लिए एक नायाब खोज माना जा रहा है। निर्देशक मनीष तिवारी कहते हैं कि जयेश कर्दक में बहुत सम्भावनाएँ हैं। 'चिड़ियाखाना' में उसने उम्मीद से बढ़ कर अपने किरदार के साथ इंसाफ़ किया है। मनीष तिवारी का कहना है कि जयेश कर्दक जैसे टैलेंट हिंदी और मराठी फिल्म इंडस्ट्री दोनों में ही कभी कभी आते हैं और वह जयेश के लिए एक खूबसूरत भविष्य देखते हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# लॉ कमीशन द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक संस्थानों, आम नागरिकों के विचार



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत एक विविधता में एकता वाला देश रहा है, जहां हजारों लाखों जातियां उपजातियां धर्म धार्मिक समुदायों का निवास रहा है जो आपसी प्रेम भाईचारे से रहते आए हैं और अपने अपने धर्म की मान्यताओं के अनुरूप पीढ़ियों से अपना जीवन व्यतीत करते आ रहे हैं परंतु कुछ दशकों से हम प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि जाति धर्म मज़हब समुदाय की बातों के प्रचलन में वृद्धि हुई है स्वाभाविक ही है कि वैचारिकता में भी असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता इसी को आधार बनाकर लगभग सभी दलों पार्टियों ने अपने जनाधार की नीतियां रणनीतियां इसी को लेकर बनाई जाती हैपरिणामत: हाई कॉलोनाइजेशन, ध्रुवीकरण, सहिष्णुता इत्यादि शब्दों का प्रयोग बढ़ गया है। मानव समाज में धर्म, जात-पात का आधार पर बढ़ गया है और कानून, सुविधाएं, छूटों, बंधनों में अब धार्मिकता जातपात के आधार पर मुद्दे उत्पन्न होने शुरू हो गए हैं, इसीलिए ही शायद करीब 75 वर्ष पूर्व बनाए गए संविधान में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) का प्रावधान किया गया था जिसे हम संविधान की दूरदर्शिता का अंदाज लगा सकते हैं। चूंकि दिनांक 14 जून 2023 को भारत के 22 वें विधि आयोग द्वारा यूसीसी को लागू करने के संबंध में कंसल्टेशन रिपोर्ट बनाने के लिए पंजीकृत धार्मिक संस्थाओं और आम जनता से सुझाव विचार दर्ज़ कराने का अनुरोध किया है ताकि इस कानून को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए जा सके,सुझाव विचार दर्ज कराने की तारीख 13 जुलाई याने नोटिस के 30 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है। हालांकि इसके पूर्व 2016 में भी इसी तरह का नोटिस निर्गमित हुआ था और 2018 में इनकी रिपोर्ट दी गई थी जिसमें इसे लागू करने को गैरजरूरी बताया गया था और कुछ दिशानिर्देश सुझाव जारी किए गए थे, परंतु अब 3 सालों से अधिक की लंबी गैप के बाद फिर सुझाव मांगे गए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूसीसी का आगाज़ ङ्क कंसल्टेशन प्रक्रिया शुरू।

साथियों बात अगर हम विधि आयोग द्वारा एक बार फिर यूसीसी कंसल्टेशन के लिए 14 जून 2023 को एक पुष्ठ का नोटिस जारी करने की करें तो, समान नागरिक संहिता का मुद्दा एक बार फिर गरमा रहा है इस मुद्दे पर लॉ कमिशन एक बार फिर कंसल्टेशन पेपर जारी करने जा रहा है, इसके लिए सार्नजनिक और धार्मिक संगठनों से राय मांगी गई है. आयोग ने बुधवार (14 जून) को एक बयान जारी कर कहा कि 22 वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचारों को जानने के लिए फिर से निर्णय लिया है जो लोग रुचि रखते हैं और इच्छुक हैं वे अपनी राय दे सकते हैं। आयोग ने विचार प्रस्तुत करने के लिए 30 दिन का समय दिया है ।कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस कीअध्यक्षता वाले 22वें लॉ कमीशन ने इच्छुक लोगों से अपने विचार अपने वेबसाइट या ईमेल पर देने के लिए कहा, उल्लेखनीय है कि 22वें विधि आयोग को हाल में तीन साल का कार्य विस्तार दिया गया है, इसने कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से एक पत्र भेजे जाने के बाद समान नागरिक संहिता से जुड़े विषयों की पड़ताल शुरू कर दी है। भारत में विभिन्न धर्मों के बीच शादी, तलाक, गोद लिए जाने जैसे निजी मामलों को एक ही कानून के तहत लाने के लिए सरकार देश में यूनिफार्म सिविल कोड लाना चाहती है, लेकिन भारत धर्मनिरपेक्ष और विविधताओं से भरा एक देश है और इसीलिए जहां कुछ लोग इसके समर्थन में हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसका विरोध कर रहे हैं बता दें कि जरूरत पड़ने पर आयोग व्यक्तिगत सुनवाई या चर्चा के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को बुला सकता है।

साथियों बात अगर हम विधि आयोग के 2018 में जारी किए गए कंसल्टेशन पेपर की करें तो, विधि आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा,शुरुआत में भारत के 21वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर विषय की जांच की थी और 07.10.2016 की एक प्रश्नावली और 19.03.2018, 27.03.2018 और 10.04.2018 की सार्वजनिक अपील/नोटिस के साथ अपनी अपील के माध्यम से सभी हितधारकों के विचारों का अनुरोध किया था। इसके अनुसरण में, आयोग को भारी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थी। 21वें विधि आयोग ने 31.08.2018 को पारिवारिक कानून में सुधार पर परामर्श पत्र जारी किया था। चूंकि तीन साल से अधिक समय बीत चुका है। इस विषय की प्रासंगिकता और महत्व और साथ ही इस विषय पर विभिन्न न्यायालय के आदेशों को ध्यान में रखते हुए, उक्त परामर्श पत्र जारी करने के संबंध में, भारत के 22वें विधि आयोग ने इस विषय पर नए सिरे से विचार-विमर्श करना समीचीन समझा ।तदनुसार, भारत के 22वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में बड़े पैमाने पर और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचारों और विचारों को जानने के लिए फिर से निर्णय लिया। 2018 में भारत के विधि आयोग ने 'पारिवारिक कानून में सुधार' पर एक परामर्श पत्र जारी किया, जिसमें यह कहा गया कि इस स्तर पर एक समान नागरिक संहिता का निर्माण न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय है। समान नागरिक संहिता लाने की तैयारी तेज हो गई है ।उल्लेखनीय है कि लॉ कमिशन ने 7 अक्टूबर 2016 को लोगों के यूनिफॉर्म सिविल कोड के लिए लोगों को कमिशन ने तीन तलाक मुद्दे को छोड़कर बाकी मुद्दों पर जवाब मांगा था। इसके तहत 16 सवाल पूछे गए थे। लॉ कमिशन ने बहुविवाह, निकाह, हलाला आदि मामले में कोई सुझाव नहीं दिया और कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# आयुक्त ने पीएचसी रनिया का निरीक्षण कर चिकित्सा अधीक्षक को एसओपी का पालन करने के दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मण्डलायुक्त लोकेश एम. ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) रनिया कानपुर देहात का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी कानपुर देहात उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रवेश द्वार पर स्थित हेल्प डेस्क का विजिट किया। पूछने पर वार्ड ब्वॉय द्वारा बताया गया कि सुबह से अब तक कुल 39 मरीज आये हैं।

ओपीडी निरीक्षण में डॉक्टर सिद्धार्थ से पूछने पर उनके बताया गया कि ओपीडी में फंगल इन्फेक्शन, कॉमन कोल्ड, फीवर के ज्यादातर मरीज आते हैं।सुबह से अब तक कुल 7 मरीजों को देखा गया है। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता के बारे मे पूछने पर सही जानकारी नहीं मिली।इसके बाद आयुक्त ने शीत श्रृंखला, टेली मेडिसिन कक्ष, जननी सुरक्षा कक्ष एवं दवा वितरण कक्ष को देखा। दवा वितरण कक्ष में पाया कि यहां 4 एंटीबायोटिक के साथ ही कोल्ड, इन्फैक्शन इत्यादि से सम्बन्धित दवाएं उपलब्ध थी। परन्तु इन्हें सुव्यवस्थित रूप से नहीं रखा गया था। निर्देशित किया गया कि सभी दवाओं को क्रमानुसार सुव्यवस्थित रखें तथा दवाओं की प्रतिदिन की उपलब्धता के विवरण से डाक्टर को भी अवगत करायें और इसे हर कक्ष में चार्ट के रूप में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें।इमरजेन्सी रूम के निरीक्षण के समय आयुक्त ने समस्त आवश्यक उपकरणों इमरजेन्सी ट्रे, ड्रैसिंग बाक्स, लाइफ सेविंग इन्जैक्शन्स, एक्जामिनेशन टेबिल, डस्टबिन एवं स्टैण्ड को देखा।

उपलब्धता के बारे में इमरजेन्सी प्रभारी ने बताया गया कि अस्पताल में स्नैक बाइट इन्जैक्शन तो उपलब्ध हैं, डॉग बाइट के इन्जेक्शन उपलब्ध नहीं हैं।एसओपी का पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर आयुक्त ने चिकित्सा अधीक्षक को एसओपी का पालन कराते हुए अस्पताल में कलर इन्डीकेशन, मैकिनटोश, लाइट्स, स्टैण्डिंग ट्रे इत्यादि लगाने के साथ ही पर्याप्त संख्या में मेडिकल उपकरणों एवं लाइफ सेविंग इन्जैक्शन एवं ड्रग्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# कुलसचिव ने किया तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



कानपुर। सीएसए तथा उजाला सिग्नस कुलवंती हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय (15 से 17 जून) स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के मानव चिकित्सालय पर किया गया। जिसका उद्घाटन कुलसचिव डॉ पी के उपाध्याय द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में कुलसचिव द्वारा बताया गया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है तथा जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है।

उन्होंने कहा कि सभी को एक नियमित अंतराल पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ रामप्यारे द्वारा बताया गया कि शिविर में शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मियों के साथ-साथ छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण किया जा रहा है।जिसमें वजन, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी आदि की जांच शामिल है।इसके साथ-साथ आंखों की जांच भी की जा रही है। कुलवंती हॉस्पिटल के डॉ आर के तिवारी द्वारा बताया गया कि शिविर में आज मधुमेह से संबंधित रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है तथा 16 जून को स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा 17 जून को कैंसर रोग विशेषज्ञ शिविर में उपलब्ध रहेंगे।जो निशुल्क परामर्श देंगे। कुलवंती हॉस्पिटल के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि आयुष्मान कार्ड धारक तथा मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत निम्न आय वर्ग के लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। कार्यक्रम में सहअधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ राजीव, डॉ एस के सिंह, कुलपति के तकनीकी सचिव ओम प्रकाश तथा मानव चिकित्सालय के सभी कार्मिक मौजूद रहे।

# पत्नी के झगड़ा कर मायके जाने के बाद युवक ने लगाई फांसी

कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर नौबस्ता गांव के युवक ने पत्नी के झगड़ा कर अपने मायके जाने के बाद बुधवार देर रात कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगा ली।इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जानकारी होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। शाहपुर निवासी रोहित राठौर (25) ट्रक चालक था। उसकी शादी नवंबर 2022 में मसवानपुर, कल्याणपुर कानपुर निवासी रामबाबू की बेटी तनिष्का के साथ हुई थी।बुधवार को तनिष्का परिजनों से झगड़ा करने के बाद अपने मायके चली गई।इससे गुस्से में रोहित देर शाम को अपने कमरे में जाकर लेट गया था।इसके बाद उसने रात में कमरे के अंदर छत के कुंडे में फांसी लगा ली।

# जनभागीदारी पर निकाली गयी साइकिल रैली



कानपुर।जी-20 के तहत पूरे देश में हो रहे आयोजनों की श्रृंखला में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो अरमापुर के द्वारा गुरुवार को एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया।इस साइकिल रैली में विद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन कटियार ने छात्रों को जी-20 और इसके महत्व के बारे में छात्रों को संबोधित किया। रैली का संयोजन क्रीड़ा शिक्षक शैलेन्द्र कुमार ने किया। छात्रों के साथ प्राचार्य व शिक्षकों में गणेश प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, अमित सक्सेना, राजेश कुमार दीक्षित एवं आदित्य विक्रम ने भाग लेकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षिकाओं में वंदना गोंड, वंदना चौहान, रीतु सोनकर, ? पुष्पा सिंह एवं दीक्षा सचान उपस्थित रहीं।

# मन की बात की तैयारियों के साथ ही प्रस्तावित जनसभाओं पर हुई चर्चा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र मुख्यालय में गुरुवार को दोपहर सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में महा संपर्क अभियान के अंतर्गत संपन्न होने वाले कार्यक्रम मन की बात, जनसभा, योग दिवस एवं 25 जून को आपातकाल दिवस की चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में रहने के कारण मन की बात का कार्यक्रम 25 जून को न होकर अब 18 जून को संपन्न होगा। यह कार्यक्रम पूर्व की भांति सभी 17 जिलों के 20787 बूथों पर प्रातः संपन्न होना है।

**- सोशल मीडिया के पदाधिकारी अभियान को जिला स्तर पर देखेंगे ।**

बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक जिले में मन की बात कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक 2 मंडलों पर 1

जिले का पदाधिकारी दो आईटी सोशल मीडिया के पदाधिकारी मन की बात के कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन आदि सभी जनप्रतिनिधियों को प्रत्येक बूथ पर मन की बात सुनकर अपने क्षेत्र की जनता को भी जोड़ना है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 18, 19, 20 जून को लोकसभा में प्रस्तावित जनसभाओं में ऊर्जा मंत्री आरके सिंह, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, हिमाचल प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कश्यप, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आदि नेताओं के कार्यक्रम विभिन्न लोकसभा में संपन्न होने वाली जनसभा में प्रस्तावित है।

बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, अनूप अवस्थी, दीपू पांडे, अखिलेश बाजपेई, मयंक भट्ट, महेंद्र विक्रम सिंह, हर्ष द्विवेदी, अचल गुप्ता, आलोक शुक्ला, अंकित बाजपेई, पवन पांडे, शैलेंद्र सैनी, उमेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# मातृत्व वंदना योजना के नियमों में हुआ बदलाव

## अब दूसरी बेटी होने पर भी लाभार्थी को मिलेगी छह हजार की धनराशि

कानपुर। कन्या शिशु दर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल 2023 से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में बदलाव किया है।योजना में नई व्यवस्था के तहत किसी महिला के दूसरी बार मां बनने पर बेटी पैदा होती है तो उसे सरकार की ओर से छह हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी।इससे पहले योजना के तहत पहली बार मां बनने पर गर्भवती महिला को दो किस्तों में पांच हजार की राशि दी जाती थी।नये नियमों के अनुसार 1 अप्रैल 2022 के बाद दूसरी बार मां बनने पर जन्मी बच्चियों की माताओं को यह लाभ मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार गर्भ धारण करने वाली पंजीकृत महिला को उनकी आर्थिक सहायता और पोषण के लिए पांच हजार रुपये दिए जाते हैं। नवीन व्यवस्था के तहत यह धनराशि दो किस्तों में दी जाएगी। इसमें तीन हजार रुपये गर्भधारण के समय और दो हजार रुपये बच्चे के जन्म पंजीकरण कराने के बाद दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पाने के लिए पात्र महिलाएं योजना के पोर्टल पर स्वयं भी पंजीकरण कर सकती है।साथ ही अपने क्षेत्र की आशा वर्कर और एएनएम की मदद से भी पंजीकरण करा सकती है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके सिंह ने बताया कि अगर किसी महिला को पहली एक बेटी या बेटा है और दूसरी बार वह बेटी को जन्म देती है तो बच्ची के जन्म पंजीकरण कराने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत फार्म भरने के बाद मां के बैंक खाते में सरकार छह हजार रुपये एकमुश्त किश्त के रुप में भेजेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में लाभार्थी महिला का प्रसव किसी सरकारी अस्पताल में हुआ है या फिर प्राइवेट अस्पताल में या फिर घर में भी हुआ है तो भी उसे इस योजना का लाभ मिल सकेगा।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिला कार्यक्रम समन्वयक गज़ाला इरम ने बताया कि योजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लाभार्थियों और आशा और एएनएम द्वारा आनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट में अलग से कालम बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना वर्ष 2017 से संचालित की जा रही है। जिसमें केवल पहली बार मां बनने पर तीन किश्तों में पांच हजार रुपये दिए जाते थे।

पुरानी योजना में मार्च तक करीब एक लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया जा चुका है। अब इस योजना में आशिंक सुधार किया गया है।

अब दूसरे बच्ची पर भी योजना के तहत छह हजार रुपये दिए जाएंगे। जबकि पहले बच्चे पर पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ दिलाने के लिए आशा वर्कर और एएनएम के स्तर पर आईडी जेनरेट कर दी गई है। इस योजना का हेल्प लाइन नंबर 104 है।

# कानपुर से दिल्ली के लिए एक जुलाई से फ्लाइट भरेगी उड़ान

कानपुर। कानपुर से दिल्ली के लिए एक जुलाई से फ्लाइट उड़ान भरेगी। प्रस्तावित 220 सीटर नई फ्लाइट की टिकट बुकिंग कंपनी ने शुरू कर दी है।दिल्ली से कानपुर आने का टिकट 2999 रुपए तो कानपुर से दिल्ली जाने का टिकट 3199 रुपए में 14 जून को बुक हो रहा था। वैसे पहले यह फ्लाइट 16 जून से प्रस्तावित की गई थी।लेकिन एयर ट्रैफिक व्यस्त होने की वजह से डीजीसीए ने नई सेवा को हरी झंडी नहीं दी थी।कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के लोकार्पण मौके पर भाजपा सांसदों ने कानपुर आए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली फ्लाइट की डिमांड की थी। इसके बाद ज्योतिरादित्य ने फ्लाइट सेवा शुरू करने का ऐलान मंच से किया था।अब यह घोषणा पूरी होती नजर आ रही है।कानपुर के पुराने एयरपोर्ट से स्पाइसजेट की 90 सीटर फ्लाइट चलती थी। पिछले महीने स्पाइसजेट ने मुंबई के बाद इकलौती बची दिल्ली हवाई सेवा को भी अगले फैसले तक बंद कर दिया। अब स्पाइसजेट की कानपुर एयरपोर्ट से कोई सेवा चल नहीं रही है।केवल इंडिगो की बंगलुरू और मुंबई की फ्लाइट नियमित उड़ान भर रही हैं।वहीं शहर के लोगों को नया टर्मिनल काफी पसंद आ रहा है। यहां औसतन लोड 180 पार हो चुका है।

# दुपट्टे से लगाई फांसी

घाटमपुर।पतरसा गांव निवासी धर्मेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र चुन्नू विश्वकर्मा 30 पैथोलॉजी में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर पर पत्नी अन्नू एक बेटा और एक बेटी के साथ रहती है। पत्नी अन्नू ने बताया कि उसके पति धर्मेन्द्र ने अपनी मेहनत की कमाई से एक एक रूपये जोड़कर कानपुर में 20 बीस लाख रूपये कीमत का सौ वर गज का एक प्लाट ख़रीदा था। जो बीते दिनों गांव समाज में निकला है। उसके पति के साथ प्लाट खरीदने मे धोखा हुआ था।

# गर्भवती एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार को 'संभव 3.0' अभियान

## जून से लेकर सितंबर तक चार माह तक चलेगा अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गर्भवती एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना सरकार की प्राथमिकता है।इसी को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।इसी के तहत जून से सितम्बर तक जनपद में संभव अभियान का तीसरा चरण चल रहा है।इस अभियान के मद्देनजर विकास भवन में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2021 में संभव अभियान एक नवाचार के रूप में प्रारंभ हुआ था। उसमें विशेष रूप से अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, उपचार व सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबंधन के साथ कुपोषण की रोकथाम के लिए व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया गया था।उन्होंने निर्देश दिये कि इस बार संभव अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री बच्चों के साथ पहली तिमाही की गर्भवती का वजन व ऊंचाई मापेंगी। कुपोषित बच्चों व गर्भवती को चिन्हित कर उनकी चिकित्सकीय प्रबंधन की व्यवस्था की जाये। साथ ही कहा कि इस अभियान के दौरान पोषण 500 के रूप में गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 6 माह (500 दिन) शिशु के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से अभियान में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा भी की।जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि सुपोषित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में संभव आईसीडीएस विभाग का एक अनूठा प्रयास है।उन्होंने बताया की इस अभियान द्वारा लाभार्थियों को सहयोगी विभागों जैसे- स्वास्थ्य, पंचायती राज, ग्राम्यविकास, खाद्य एवं रसद विभाग की सरकारी योजनाओं का लाभ भी पहुँचाया जा रहा है। बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए मातृत्व पोषण के साथ ही छह माह से छोटे बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान रखने के उद्देश्य से पोषण 500 की थीम के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अप्रैल 2023 से अब तक 2866 अति कुपोषित बच्चे जिले में चिन्हित किये गये हैं ।इन बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपोषण की खुराक दी गई है। साथ ही विभाग की तरफ से खानपान संबंधी सलाह भी दी गयी।उन्होंने बताया कि इस अभियान को तीन मुख्य मासिक थीम एवं साप्ताहिक थीम के रूप में विभाजित किया गया है। जून माह में गर्भवती और शिशु की जांच की जाएगी, सैम मैम बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। जुलाई को स्तनपान प्रोत्साहन माह के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह स्तनपान से जुड़ी जन जागरूक गतिविधियां की जाएंगी। अगस्त को ऊपरी आहार माह के रूप में मनाया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह ऊपरी और अर्ध ठोस आहार के बारे में जागरूक किया जाएगा। सितम्बर में सभी पंजीकृत बच्चों का पुन: वजन किया जाएगा व पोषण ट्रेकर व ई- कवच पर अपडेट किया जाएगा। इसके बाद उनके पोषण स्तर के परिवर्तन का आकलन किया जाएगा।

# नरेंद्र सिंह बने सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष



कानपुर।समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की सन्तुति से समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक द्वारा जनपद कानपुर ग्रामीण का जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह को एक बार फिर मनोनीति किया गया है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र कटियार, अनिल सोनकर, सुरेश गुप्ता, नसीम रजा, मगन सिंह भदौरिया अनिल वर्मा आदि ने नरेन्द्र सिंह की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। जिला नेतृत्व ने उनके बन जाने पर संगठन में मजबूती की उम्मीद की है।

# सपाईयों ने मनाई पूर्व विधायक की 23 वीं पुण्यतिथि



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वाधान में पूर्व विधायक मरहूम बाबू बदरे की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी संपन्न हुई इसका संचालन शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू ने किया श्रद्धांजलि सभा में विचार गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद केके शुक्ला शैलेंद्र यादव मिंटू संजय सिंह बंटी सेंगर फैसल महमूद हाजी युनुस बदरे नंदलाल जायसवाल आदि लोगों ने सर्वप्रथम मरहूम बाबू बदरे के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इसके उपरांत वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में बताया कि मरहूम बाबू बदरे समाज के दबे कुचले दीन दुखियों के मसीहा थे उन्होंने कानपुर शहर में कॉटन मिल से अपना राजनीतिक जीवन आरंभ किया वह मजदूरों और नगर की समस्याओं महंगाई बेरोजगारी पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ सैकड़ों बार जेल गए 1957 एवं 58 में वह पहली बार तलाक महल वार्ड से भारी मतों से पार्षद चुने गए 1967 68 में आर्य नगर विधानसभा से विधायक चुने गए वह 1977 78 में पुनः दोबारा विधायक चुने गए उन्होंने कब्रिस्तानो में सर्वप्रथम बिजली की व्यवस्था की थी उनके आगे चाहे जितनी बड़ी समस्या हो।उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया समाज के दबे कुचले दीन दुखियों को समाज में न्याय दिलाने के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे उन्हें मजदूरों का मसीहा एवं मजदूर नेता भी कहा जाता था मजदूरों को उनके हक दिलाने के लिए उन्होंने कई बार सड़कों पर निकल कर आंदोलन के माध्यम से मजदूरों को उनके हक दिलवाए 7 इस अवसर हाजी फजल महमूद केके शुक्ला ,नंदलाल जायसवाल सुलेखा यादव दीपा यादव जावेद ,कुतुबुद्दीन तमाम सपाई उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़े टैंकर में घुसी बाइक

कानपुर।आशीर्वाद समारोह से लौट रहे फुफेरे भाई सड़क हादसे का शिकार हो गए।दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।पीछे दूसरी बाइक से लौट रहे पिता ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मकड़ीखेडा निवासी राम खेलावन का बेटा गोलू (22) बुआ के बेटे आकाश (21) के साथ बुआ के देवर के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने कटरी स्थित गांव भरतपुर गया था।वहां से देर रात लौटते समय उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े टैंकर में जा घुसी।

# डीएम ने न्यू कानपुर सिटी योजना का निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण श्री विशाख जी. द्वारा आज कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही न्यू कानपुर सिटी योजना को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया। कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा इस योजना को 153 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जायेगा। यह योजना कानपुर शहर के मैनावती मार्ग एवं सिंहपुर-कल्यानपुर रोड को जोड़ती है।निरीक्षण के दौरान कानपुर विकास प्राधिकरण के उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये निम्न निर्देश-न्यू कानपुर सिटी योजना का विकास तीन स्तरों पर व्यावसायिक, आवासीय और संस्थागत के रूप में जोनिंग कराते हुये किया जाये, जिसका उद्देश्य कानपुर शहर में आवासीय सुविधा/भूखण्डों के साथ-साथ, होटल, शैक्षणिक संस्थान, बहुद्देशीय हॉस्पिटल हेतु अवस्थापना सुविधाए प्रदान किया जाना है।न्यू कानपुर सिटी योजना से सम्बन्धित लगभग कुल 153 हे0 में से लगभग 64 हे0 भूमि प्राधिकरण के स्वामित्व में है।शेष भूमि क्रय की जानी है।



जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अवशेष भूमि क्रय किये जाने हेतु वित्त पोषण के सम्बन्ध में शासन को आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे प्राधिकरण पर कम से कम वित्तीय भार पड़े एवं कानपुर नगर की आम जनता को एक सुनियोजित योजना अतिशीघ्र प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि न्यू कानपुर सिटी योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण भूमि पर एकीकृत रूप से प्लानिंग की जाये व इसको फेस्-वार कानपुर नगर की आम जनता हेतु प्रारम्भ किया जाये ।जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उक्त योजना में आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों के साथ-साथ ग्रुप हाउसिंग, होटल, कम्प्यूनिटी सुविधायें आदि का भी नियोजन किया जाये। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को न्यू कानपुर सिटी योजना से सम्बन्धित कार्यो का लगातार अनुश्रवण व इस पर अनवरत कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे कि कानपुर नगर के आम जनमानस के साथ-साथ कानपुर नगर के व्यवसायियों को भी एक राष्ट्रीय स्तर की टाउनशिप प्राधिकरण समय उपलब्ध करा सके।

# विश्व रक्तदान दिवस पर मनाया गया अमृत महोत्सव

कानपुर।एमएसएमई विकास कार्यालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव मनाया गया।अध्यक्षीय सम्बोधन में वीकेवर्मा संयुक्त निदेशक एमएसएमई ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित खाद्य पदार्थों का सेवन कर रक्तदान करने के लिए तत्पर रहें जिससे कई जिन्दगियाँ बचाई जा सकती हैं।मुख्य अतिथि के रूप में अरविन्द शाक्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान करने से सम्बन्धित कई मिथकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।रक्तदान करने के पश्चात होने वाले लाभों के बारे में भी बताया।अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि आप रक्तदान वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य करें।तपेश्वर कुमार यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना ने पीपीटी के माध्यम से रक्त के बारे में विशेष एवं उपयोगी जानकारी दी।

# गोपीचंद की 'पाठशाला' 23 व 24 जून को



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी व प्रशिक्षक 'पद्मश्री' व 'पद्म भूषण' एवार्ड से सम्मानित पुलेला गोपीचंद्र की पाठशाला 23 व 24 जून को 'द स्पोर्ट्स हब' (टीएसएच) में लगेगी। यह पहला अवसर है जब पुलेला गोपीचंद महानगर के बैडमिंटन खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेल की बारीकियों से अवगत करायेंगे। पी. गोपीचंद्र शुक्रवार 23 जून को टीएसएच में बैडमिंटन गुरुकुल एकेडमी के खिलाड़ियों को दो अलग-अलग सत्रों में टिप्स देंगे जबकि शनिवार 24 जून को ईकोनॉमिकली वीक सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) के खिलाड़ियों को बैडमिंटन में पारंगत होने के लिये गुरुमंत्र देंगे। यह जानकारी आज प्रेस कांफ्रेंस में टीएसएच के डायरेक्टर ऑपरेशंस पी.के. श्रीवास्तव, डीजीएम स्पोर्ट्स ओंकार कुलकर्णी और टीएसएच गुरुकुल एकेडमी के इंडोनेशियन प्रशिक्षक रिज़ा ने दी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि पुलेला गोपीचंद के साथ हैदराबाद से पी. गोपीचंद गुरुकुल एकेडमी के कोच आर. विष्णु, जोकि भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य प्रशिक्षक भी हैं, के अलावा एकेडमी की प्रबंध निदेशक सुप्रिया देवगन भी आ रही हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (खेल) नवनीत सहगल, जोकि उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष भी हैं, 23 जून को सुबह 11.30 बजे पुलेला गोपीचंद की पाठशाला का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करेंगे। पुलेला गोपीचंद सुबह और शाम के दो सत्रों में टीएसएच बैडमिंटन गुरुकुल के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि 23 जून को ही शाम सात बजे पुलेला गोपीचंद को टीएसएच उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिये सम्मानित करेगा। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना मुख्य अतिथि और कानपुर मंडल के आयुक्त लोकेश एम इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि होंगे। जिलाधिकारी विशाख जी पैटर्न ऑफ इवेंट और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन स्पेशल गेस्ट रहेंगे। उन्होंने बताया कि 24 जून को ईकोनॉमिकली वीक सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के दो सत्र होंगे। ईडब्ल्यूएस के खिलाड़ियों को पी. गोपीचंद व भारतीय बैडमिंटन टीम के चीफ कोच आर. विष्णु बैडमिंटन सीखने की तकनीकी और बारिकियां बतायेंगे। इसी दिन दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी विशाख जी के मुख्य आतिथ्य में 'इम्पॉर्टेंस ऑफ स्पोर्ट्स पद जनरल एण्ड बैडमिंटन इन पार्टिकुलर' विषय पर एक 'टॉक शो' का आयोजन किया गया है।

# बिजली की बढ़ती समस्याओं से लघु उद्योगों को भारी दिक्कत

## पानी की समस्याओं से लाखों की आबादी के समक्ष विकराल स्थिति से समस्या भयावह हो रही है

कानपुर। बिजली की समस्या महानगर में विकराल स्थिति के साथ भयावह होती जा रही है जिसके कारण किदवई नगर सीसामऊ गोविंद नगर कैंट तथा आर्य नगर की सैकड़ों जनता के साथ कार्यकर्ताओं ने सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद को उपरोक्त क्षेत्रों की बिजली की भारी किल्लत से अवगत कराया उक्त संबंध में सपा के महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने एक पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर कानपुर की विकराल बिजली समस्या एवं अघोषित कटौती से अवगत कराया महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि कानपुर महानगर में बिजली की भीषण कटौती के कारण जनता परेशान है जिसकी वजह से सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों में डायरिया हैजा लो ब्लड प्रेशर हॉर्ट के मरीज काफी संख्या में बढ़ रहे हैं जिसकी वजह से जनता परेशान है सपा जल्द ही बिजली की विकराल समस्या एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर एक ठोस रणनीति बनाकर सड़कों पर आंदोलन करेगी पत्र में आगे लिखा बिजली की वजह से पीने के पानी की परेशानी बढ़ गई है दक्षिण तथा नगर से लगी बस्तियों में पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है इसके बाद पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्रों में बिजली की समस्या तथा बिजली बिलों में बढ़ोतरी के बिल आ रहे हैं उनकी प्रति लाकर महासचिव बंटी सेंगर तथा उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू को दें पूरा सर्वेक्षण करके दोबारा दूसरी सूची भेजी जाएगी



क्योंकि करोड़ों रुपया जनता का अतिरिक्त कंपनियों के पास जमा है,बैठक में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद केके शुक्ला शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू संजय सिंह बंटी सेंगर जावेद अख्तर गुड्डु जावेद जमील नंदलाल जायसवाल सुलेखा यादव वीरेंद्र प्रजापति इखलाक मिर्जा परमवीर सिंह गंभीर कादिर सिद्दीकी आकाश यादव शादाब आलम संजय सोनकर बृजलाल यादव सलाम इदरीसी शहाबुद्दीन कुरैशी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# ताराचंद ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर ।55 चक रतन पुर थाना बिठूर निवासी ताराचंद ने आज कानपुर प्रेसक्लब में वार्ता के दौरान बताया कि 2 मार्च को शाम को करीब साढ़े 5 बजे सफेद रंग की मारूति आई जिससे निहाल पुत्र इच्छाराम, पूजा पत्नी जीतू, दिनेश पुत्र इच्छाराम आदि उसकी 16 वर्षीय पुत्री शिवानी को बाजार जाने के बहाने गाड़ी में बैठा कर काकादेव ले गए। उस समय माता-पिता अपनी ड्यूटी पर थे।वहां उसे गोलू खान, उसकी पत्नी सुपर्णा, पूजा आदि ने निहाल के साथ शिवानी की शादी के लिए दबाव बनाने लगे जबकि निहाल पहले से ही शादीशुदा है। पुत्री के मना करने पर डरा धमका कर प्रयागराज ले गए। वहां गंगा नगर यादव होटल के पास गली नम्बर 13 के एक मकान में रखा। वकील बुलवाकर बेटी से कई कागजों में हस्ताक्षर करवाया। निहाल ने इसी बीच लड़की की बिना मर्जी शारिरिक सम्बन्ध बनाए और धमकी देते रहे कि यदि शादी नहीं करोगी तो तुम्हारी बहन को उठवा लूँगा।बिठूर थाने में मुकदमा धारा- आईपीसी में इन सभी के नाम से दर्ज हुई। बेटी ने अपने साथ हुई सारी घटनाओं को पुलिस को बताया लेकिन पुलिस ने धारा आईपीसी व पाक्सो ऐक्ट नहीं बढ़ाया। 22 मई,23 को दिन में जबरन शिवानी को ले जाने लगे तो पड़ोसियों ने विरोध करते हुए ललकारा तब ये सब हत्या करने की धमकी देते हुए भाग गए। ताराचंद प्रशासन से न्याय की गुहार कर रहा है। न्याय न मिलने पर आत्मदाह कर परिवार नष्ट करने को कह रहा है।

# पिता पुत्री को अनियंत्रित डंफर ने कुचला पुत्री की मौत, पिता घायल





**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। जहांगीराबाद गांव निवासी कमरुद्दीन ने बताया कि देर रात उनका 28 वर्षीय बेटा सरताज अपनी 5 वर्षीय बेटी के साथ घर के बहार चारपाई पर लेटा हुआ था। सुबह लगभग चार बजे कानपुर की ओर से आ रहा तेज रफ़्तार अनियंत्रित ट्रक नाला को टक्कर मारते हुए चारपाई पर सो रहे पिता पुत्री को कुचलते हुए घर मे जा घुसा। हादसे मे पुत्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। रहागीरो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुँचाया जहां से उसे गंभीर हालत मे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। घाटमपुर थाना के कार्यवाहक प्रभारी धर्मेन्द्र ने बताया कि पुत्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस जनों ने केस्को एमडी से भेंट कर, दिया ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर ने शहर की होती विकराल विद्युत समस्या को लेकर जिसमें अघोषित कटौती फाल्ट के कारण बिजली का न आना तथा बिजली से संबंधित तमाम समस्याओं को लेकर बिंदुवार ज्ञापन आज केस्को एमडी जी को सौंपा और सभी बिंदुवार उनसे बात की गई और उनसे कहा गया कि 1 हफ्ते के अंदर ऐसी समस्याओं का निदान करा दिया जाए अन्यथा शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर जनता की आवाज को ताकत देने के लिए धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजीव दरयाबादी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एआईसीसी सदस्य मदन मोहन शुक्ला संगठन प्रभारी दिलीप शुक्ला लल्लन अवस्थी सिराज कुरैशी रमजानी शिवम जाने की पारी नेता महेश मेघानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे !

# हरे पेड़ों को काटने में मेट्रो प्रोजेक्ट अधिकारियों पर बरसीं महापौर

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । महापौर प्रमिला पांडेय का फूटा गुस्सा, बैठक में मेट्रो प्रोजेक्ट अधिकारियों पर बरसीं। हरे पेड़ों को काटने के मुद्दे पर जमकर सुनाई खरी खोटी, जूही पुल से नौबस्ता तक मेट्रो ने कटवाए सैकड़ों पेड़, बैठक रूम का पंखा बंद करा अधिकारियों को दी सजा, बंद कमरे में मेट्रो अधिकारियों को कराया कैद।महापौर प्रमिला पांडे ने बताया कि मेट्रो के अधिकारियों ने निर्माण के नाम पर जूही से लेकर नौबस्ता तक पेड़ों को अवैध तरीके से काट दिया इसको लेकर मेट्रो के सभी अधिकारियों और डीएफओ को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई है साथ ही महापौर ने आदेशित किया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप जितने पेड़ काटे गए हैं उसकी तुलना में 3 गुना ज्यादा पेड़ बिना किसी देरी के लगा दिए जाएं नहीं तो कठोर कार्यवाही की जाएगी

# पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मी शंकर गुप्ता को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



कानपुर। समाजवादी पार्टी नेता? एवं पूर्व छावनी विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी ब्रह्मलीन लक्ष्मी शंकर गुप्ता की पंचम पुण्य तिथि उनके परिवारी जनों? ने घण्टाघर स्थित एक होटल में मनाई गई 7 इस मौके पर उपस्थित आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र विधायक अमिताभ बाजपेई ने सर्वप्रथम लक्ष्मी शंकर गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके उपरांत वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सुरेश गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि लक्ष्मी शंकर गुप्ता समाज के दबे कुचले दीन दुखियों के मसीहा थे उन्होंने कानपुर शहर से अपना राजनीतिक जीवन आरंभ किया वह मजदूरों और नगर की समस्याओं महंगाई बेरोजगारी पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ कई बार जेल गए वह दो बार छावनी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े 7 उन्होंने कभी हार नहीं मानी और कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया समाज के दबे कुचले दीन दुखियों को समाज में न्याय दिलाने के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे उन्हें गरीबों मजदूरों का मसीहा एवं मजदूर नेता भी कहा जाता था मजदूरों को उनके हक दिलाने के लिए उन्होंने कई बार सड़कों पर निकल कर आंदोलन के माध्यम से मजदूरों को उनके हक दिलवाए 7 इस अवसर विधायक अमिताभ बाजपेई, हसन रूमी, सपा अध्यक्ष फजल महमूद, शमशाद खां, वीरेंद्र शर्मा, नन्द लाल जायसवाल, श्री मती संतोष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अलकेश गुप्ता, चंकी गुप्ता, सुरेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

# प्रवर्तन दल ने 973 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी, वसूला जुर्माना

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। देर रात प्रवर्तन दल द्वारा नाके लगाकर एक टाटा ट्रक 200 कार्टन प्लास्टिक ग्लासों की खेप ले जाता हुआ नौबस्ता बायपास पर पकड़ा गया। यह माल कानपुर क्लासिक थर्मोवेयर, यूनिट 1 नामक पनकी स्थित फैक्ट्री से बाराबंकी भेजा जा रहा था। रात में ट्रक को नगर निगम में खड़ा करा दिया गया।सुबह तौलने पर माल का वजन 900 किलो निकाला जिसकी कीमत बिल्टी में डेढ़ लाख रुपए से ऊपर लिखी थी। ट्रक मालिक द्वारा सुबह 50,000 रुपए जुर्माने के रूप में भरने के बाद ही ट्रक को छोड़ा गया। जब्त माल को कूड़ा कंपैक्टर गाड़ी से दबवा कर पनकी कूड़ा प्लांट भेज दिया गया।इस क्रम में नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल द्वारा दिन में चार दुकानों में छापा मारकर 73 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक पकड़ कर 26000 रुपए जुर्माना वसूला गया।प्रवर्तन दल द्वारा कुल 973 किलो प्लास्टिक जब्त की गई और राजस्व निरीक्षक द्वारा कुल 76,000 रुपए जुर्माना वसूला गया।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राजेश गुप्ता, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर इत्यादि शामिल रहे।

# बैडमिंटन में परचम फहरा रही है बेटी, पान की गुमटी लगाते है पिता



कानपुर।विपरीत परिस्थितियों के बाद के बाद भी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर मात्र दो साल में बैडमिंटन प्रतियोगिता में मेडल जीते। इसी उपलब्धि के दम पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लक्ष्मी को पुरस्कृत भी किया। बेटी की उपलब्धि पर पिता को गर्व ही नहीं बल्कि उनकी आंखों में बेटी के उज्जवल भविष्य की रूपरेखा भी दिख रही है।कल्याणपुर के रहने वाले विद्याकांत शुक्ला की बेटी लक्ष्मी शुक्ला ने 2021 में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था।

मात्र दो साल में ही अपने खेल के दम पर जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर तीन पदक हासिल कर लिए है। लक्ष्मी शुक्ला ने कहा कि पिता का सपना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करूं।पिता के सपनों को पूरा करने के लिए लगातार मेहनत कर रही हूं और भविष्य में साइना नेहवाल व पीवी सिंधु की तरह देश के लिए मेडल जीतना लक्ष्य है। पिता ने मेरे रैकेट खरीदने के लिए अपनी साइकिल भी बेची थी। मेरी इच्छा है कि मैं अपने प्रदेश और माता-पिता का नाम रोशन करूं।

**-कोच ने की आर्थिक मदद**

लक्ष्मी ने बताया कि ख्वाजा नारायण विद्या मंदिर स्कूल में इंटर की छात्रा है। स्कूल में प्रशिक्षक आशुतोष सत्यम झा से खेलने की इच्छा जाहिर की। तो उन्होंने मुझे दूसरे दिन से ही बुला लिया।2021 से कोच की देखरेख में बैडमिंटन की बारीकियां सीखी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, तो स्वर्ण पदक जीता।

**- चाचा करते हैं हर संभव सहयोग**

लक्ष्मी ने कहा कि बैडमिंटन खेल काफी महंगा है। जब रैकेट लेना होता है, तो चाचा रामजी शुक्ला ने मदद की। जब कभी प्रतियोगिताओं में बाहर जाने को मिला, तो प्रशिक्षक आशुतोष सत्यम झा मेरी आर्थिक रूप से मदद करते थे। इन लोगों के सहयोग से ही मुकाम हासिल किया है।

**- मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

2022 में एक कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लक्ष्मी को उनका खेल और लगन को देखते हुए सम्मानित किया था। इसके बाद शहर का द स्पोर्ट्स हब में लक्ष्मी को निशुल्क एंट्री दी गई है, ताकि जब कभी लक्ष्मी का मन हो तो वह यहां पर आकर अभ्यास कर सकती है।

# जिलाधिकारी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाएं जाने तैयारियों की बैठक में दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में मनाए जाने के सम्बन्ध में तैयारियों हेतु एक बैठक संपन्न हुई।इस वर्ष योग दिवस के साथ-साथ योग सप्ताह का भी आयोजन 15 जून से 21 जून, तक किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत पूरे सप्ताह जनपद, तहसील, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनपद के विभिन्न तहसील, विकास खंड मुख्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में योग से संबंधित सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निम्न निर्देश दिए गए जनपद के अधिक से अधिक लोगों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित करने हेतु समस्त विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी बोर्डों के विद्यालय 20 और 21 जून को खुले रहेंगे। ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यालयों का संचालन न होने के कारण 20 जून को स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यालयों में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी एवं 21 जून को विद्यालयों में आयोजित योग कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। योग दिवस के अवसर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले इस मेगा इवेंट में लगभग 3000 लोग योग सत्र में हिस्सा लेंगे। इसमें जनपद के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारी गण एवं अन्य स्वयं सेवी संगठनों के लोगों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। प्रातः 06.15 बजे से 06.30 बजे तक उद्घाटन समारोह के बाद योगा प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास होगा। योग सप्ताह के आयोजन के तहत दिनांक 14 जून, से जनपद के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें योगाभ्यास के साथ-साथ योग से जुडी हुई जानकारी प्रदान किए जाने के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन भी विभिन्न विभागों/शैक्षिक संस्थानों को दी जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के लिये पर्याप्त पार्किंग स्थान, पर्याप्त पेयजल सुविधाएं, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षा सभी प्रतिभागियों के सुचारू रूप से प्रवेश और निकास की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0), पुलिस उपायुक्त, डीएफओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कब्रिस्तान में खून से लथपथ मिला महिला का शव, देवर पर हत्या का आरोप

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।कर्नलगंज थाना क्षेत्र के बिसाती कब्रिस्तान में एक महिला की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। महिला ने दो साल पहले कब्रिस्तान में रहने वाले युवक से लव मैरिज की थी।ससुराल और मायके वाले शादी के खिलाफ थे।पति के जेल जाने के बाद ससुरालियों ने भगा दिया और मायके वालों ने भी रखने से मना कर दिया। गुरुवार को उसका शव मिला था। शुरूआती जांच में पाया गया कि उसकी हत्या देवर ने ही की थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**युवक से की थी लव मैरिज**

एसीपी कर्नलगंज अकमल खान ने बताया कि ग्वालटोली की रहने वाली सिमरन (25) ने 2021 में कर्नलगंज बिसाती कब्रिस्तान निवासी फैजान से लव मैरिज की थी। ससुराल और मायके वाले दोनों शादी के खिलाफ थे। शादी के कुछ दिन बाद ही फैजान एक दरगाह में चोरी करने के आरोप में जेल चला गया। इसके बाद ससुरालियों ने सिमरन को बेदखल कर दिया। मायके वालों ने भी घर में पनाह नहीं दी। इसके चलते वह कर्नलगंज की दरगाह में ही रहती थी।एसीपी के अनुसार गुरुवार सुबह खून से सना सिमरन का शव कब्रिस्तान में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम और पुलिस ने साक्ष्य जुटाए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि देवर पप्पू ने ईंट से सिर कूचकर हत्या की है।

# नवागंतुक कुलपति डॉ ए के सिंह ने संभाला पदभार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के नवागंतुक कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने आज पदभार संभाल लिया है। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने नए कुलपति का स्वागत फूल/मालाओं और गुलदस्ते के साथ किया। नए कुलपति ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय में हो रहे शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्यों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण से छात्र-छात्राओं के शिक्षण गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।इसी प्रकार से इटावा, लखीमपुर व कानपुर स्थित महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं से भी शिक्षण व छात्र-छात्राओं के बारे में प्रगति जानी। निर्देशित किया कि सभी अधिकारी विश्वविद्यालय हित में निष्ठा पूर्वक एवं टीम भावना से कार्य करें। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि कुलपति ने विवि के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि उनका पहला उद्देश्य है कि हर किसान को संपन्न बनाना है इसके लिए विश्वविद्यालय कई नवाचार करेगा वही कई कार्यों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि सभी लोग टीम भावना के साथ कार्य करें क्योंकि सतत कार्य करते रहना विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय कार्यक्षेत्र में जो कृषि गत संभावनाएं हैं उन्हें तलाश कर बेहतर करने का कार्य किया जाएगा उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सकारात्मक रवैया अपनाकर विश्वविद्यालय की प्रगति में भागीदारी बनना है। शिक्षण, शोध व प्रसार कार्यों को और अधिक गतिशीलता के लिए निर्देशित भी किया। जिससे छात्र व किसान अधिक लाभान्वित हो।

# बिजली कटौती पर सीएम योगी ने अधिकारियों की लगाई क्लास, कहा- शिकायत का तुरंत करें निपटारा



उत्तर प्रदेश में बिजली की हो रही कटौती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई है. बिजली कटौती पर उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गांव हो या शहर, ट्रांसफार्मर खराब हों तो तत्काल बदले जाएं. साथ ही उन्होंने अपने ट्वीट में आगे लिखा कि प्रत्येक जिले की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाए. रोस्टर की भी कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए.

सीएम आदित्यनाथ ने बिजली आपूर्ति के संबंध में निर्देश दिए हैं कि फीडर वाइज जवाबदेही तय की जाए. जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जाए. मुख्यमंत्री ने बिजली संकट को लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज और अधिकारियों को भी तलब किया. साथ ही उन्होंने जवाबदेही के लिए भी सख्त निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिजली व्यवस्था की नीति को पूरी तत्परता से लागू किया जाए. इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर 24 घंटे, तहसील मुख्यालय पर 22 घंटे और गांव वाले इलाकों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के लोग इलाकों से मिलने वाले हर शिकायत का निवारण करें. बिजली संकट को लेकर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ट्वीट कर कहा, 'पिछले साल जून महीने की बिजली की मांग 26369 एमडब्ल्यू के सामने वर्तमान जून में 27610 एमडब्ल्यू की खपत चल रही है. यह मांग अप्रत्याशित है. ऐतिहासिक रूप से ज्यादा है.' शर्मा ने आगे कहा, 'पिछले कई वर्षओं की अधिकतम मांग से भी ज्यादा इस समय की चल रही न्यूनतम मांग है- 18701 एमडब्ल्यू. ऐसे में सभी विद्युत कर्मियों से अनुरोध है कि जनता को निर्बाध बिजली देने के लिए तत्परता से सेवा में लगे रहें. सबका सहयोग एवं बिजली का संयमपूर्ण उपयोग प्रार्थनीय है.' बिजली उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की आपूर्ति ज्यादा होने की वजह से सिस्टम ही ठप पड़ गया है.

# मुंबई में स्कूल की प्रार्थना के दौरान बजी अजान, भाजपा-शिवसेना ने किया विरोध, विवाद गहराया



मुंबई के कांदिवली पश्चिम में सुबह के स्कूल सत्र के दौरान अज़ान बजने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है. भाजपा विधायक ने इसके खिलाफ दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. मामला सामने आने के बाद छात्रों के अभिभावकों ने शुक्रवार की सुबह कपोल इंटरनेशनल स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया.

स्कूल नया सत्र शुरू हुए महज दो दिन हुए हैं, लेकिन स्कूलों में अजान को लेकर विवाद छिड़ गया. शिवसेना ने इस बारे में स्कूल से जवाब मांगा है. अजान के बाद स्कूल के बाहर जमकर हंगामा हुआ. इसलिए एहतियात के तौर पर स्कूल के बाहर पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है.

स्कूल पहुंचे बीजेपी विधायक योगेश सागर ने रिकॉर्डिंग चलाने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. अजान को लेकर छात्रों ने घर पर आपबीती सुनाई. इसके बाद अभिभावकों ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया. स्कूल परिसर में अभिभावक और शिवसेना कार्यकर्ता एकत्र हो गए और जोरदार नारेबाजी की.

साथ ही शिवसेना ने स्कूल के खिलाफ कांदिवली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और केस दर्ज करने की मांग की है. इसके साथ ही शिवसेना ने लाउडस्पीकर पर अजान न बजाने के लिए स्कूल को लिखित पत्र दिया है. इस बीच स्कूल ने जानकारी दी है कि इन सभी मामलों में अजान बजाने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है.

अपने बयान में स्कूल ने कहा कि स्कूल में हम लाउडस्पीकर पर हर धर्म की प्रार्थनाएं बजाते हैं ताकि छात्र उन्हें समझ सकें. यह गतिविधि स्कूल द्वारा छात्रों को गायत्री मंत्र, कैरल गायन या अन्य धार्मिक प्रार्थनाओं को समझने में मदद करने के लिए लागू की जाती है. इसी पहल के तहत आज लाउडस्पीकर से अजान बजाई गई, लेकिन अभिभावकों की भावनाओं को देखते हुए हमने अजान बंद कर दी. हम माता-पिता की बात सुन रहे हैं. स्कूल की ओर से आश्वासन दिया गया कि अब हम इस तरह से स्कूल में अजान नहीं बजाई जाएगी.

# तंत्रविद्या से लड़की को ठीक करता नजर आया तांत्रिक! लोगों ने लगा ली भीड़



वैज्ञानिक प्रगति और चिकित्सा सफलताओं के युग में, कुछ व्यक्ति अभी भी खुद को अंधविश्वास के चंगुल में फंसा हुआ पाते हैं. जमुई सदर अस्पताल में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जहां इमरजेंसी वार्ड के ठीक बाहर एक अप्रत्याशित घटना सामने आई. एक कार रुकी, जिसने तमाशबीनों का ध्यान खींचा. आधुनिकता के बीच सदियों पुरानी मान्यताओं के स्थायी प्रभाव को उजागर करते हुए सामने जो देखने को मिला, उसने कई को चकित कर दिया. रिपोर्ट के अनुसार, दिघी गांव निवासी सुनीता देवी को कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं, जिसके कारण वह बार-बार बेहोश हो जाती थी. लड़की के परिवार के सदस्यों ने सोचा कि उसे एक सांप ने काट लिया है, जिसके कारण वे उसे गांव में 'तांत्रिक' के पास ले गए, जो जादू से बीमारियों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है. जब बात नहीं बनी तो उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक घटना देखने को मिली. कार अस्पताल के सामने रुकी और कई लोग उसमें से निकल आए और उसे घेर लिया. उनमें से एक 'तांत्रिक' भी था जो कुछ गाना गाने लगा और जादू-टोना वाला फूंक मारने लगा. यह देखकर लोगों के होश उड़ गए. यह लगभग पंद्रह मिनट और चला, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने सुनीता देवी को भर्ती करने का फैसला किया. वीडियो को किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जो अब वायरल हो रहा है. अस्पताल के प्रबंधक रमेश पांडेय ने इस घटना पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल जैसी जगह पर इस तरह की प्रथाओं को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए, बल्कि लोगों को ऐसी प्रथाओं में सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन करना चाहिए जिससे लोगों को जिंदगियां बचाने में मदद मिलेगी. ऐसी अंधविश्वासी प्रथाएं अक्सर भारत में देखने को मिल जाती है. एक राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने 'अंधविश्वास विरोधी और काला जादू अधिनियम' को अपनाया है, जिसे 2003 में अंधविश्वास विरोधी कार्यकर्ता नरेंद्र दाभोलकर द्वारा तैयार किया गया था. कानून काला जादू, मनुष्यों के बलिदान, जादू के उपयोग में शामिल होने को अवैध बनाता है.

# पूरे भारत में बंद कर देंगे फेसबुक: कर्नाटक हाई कोर्ट

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक को चेतावनी दी है। एक भारतीय नागरिक के मामले की जांच के दौरान स्थानीय कानून प्रवर्तन के कथित गैर-अनुपालन के बाद भारत में सोशल मीडिया दिग्गज के संचालन को बंद करने के उपाय कर सकता है। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की पीठ ने कर्नाटक के मंगलुरु की रहने वाली एक कविता द्वारा दायर याचिका पर चेतावनी जारी की। बेंच ने फेसबुक को निर्देश दिया, 'जरूरी जानकारी के साथ पूरी रिपोर्ट कोर्ट के सामने एक हफ्ते में पेश की जानी चाहिए। अदालत ने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार सऊदी में एक भारतीय नागरिक की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी प्रदान करे।

हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को सीलबंद रिकॉर्ड के आधार पर संबंधित नागरिक के आसपास की परिस्थितियों का खुलासा करते हुए एक बयान भी प्रस्तुत करने को कहा है। जिसमें यह भी शामिल है कि क्या उसे विदेशी धरती पर कानूनी सहायता प्रदान की गई थी और क्या मुकदमे की कार्यवाही अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून द्वारा निर्धारित निष्पक्षता के मानकों का पालन करती है। मामला मंगलुरु के जेल में बंद भारतीय नागरिक शैलेश कुमार से संबंधित है, जिसे सऊदी राजा और इस्लाम को निशाना बनाने वाली एक कथित अपमानजनक फेसबुक पोस्ट पर गिरफ्तार किया गया था।

# तेजस्वी को नहीं बनाएंगेमुख्यमंत्री, फिर भाजपा में शामिल होंगे नीतीश कुमार?

जीतन राम मांझी की बगावत से बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया है. नीतीश कुमार के सबसे समर्थकों में से एक मांझी अब उनके ही खिलाफ जहर उगल रहे हैं.

अब उन्होंने नीतीश कुमार पर नए सिरे से बड़े आरोप लगाए हैं. उन्होंने दावा किया है कि बिहार में मुख्यमंत्री बने रहने के लिए नीतीश कुमार कुछ भी कर सकते हैं. वे तेजस्वी यादव को कभी मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे. संवाददाताओं से बात करते हुए मांझी ने नीतीश कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए.

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने सवाल किया कि क्या नीतीश कुमार ने भाजपा से हाथ नहीं मिलाया? मैं दावे के साथ कहता हूं कि वे (नीतीश कुमार) तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे, हो सकता है ।

एक ऐसा समय आए जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने के लिए फिर से भाजपा के साथ चले जाएं. इससे पहले नीतीश ने सत्तारूढ़ महागठबंधन से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को निकाले जाने का बचाव करते हुये आरोप लगाया कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक वस्तुतः भारतीय जनता पार्टी के लिये विपक्षी दलों की जासूसी कर रहे थे.

मुख्यमंत्री ने कहा, 'समय पूर्व चुनाव की बात मैंने ऐसे ही कही थी, लेकिन इसकी प्रबल संभावना है. जो लोग केंद्र की सत्ता में बैठे हैं, उन्हें इस बात की भनक है कि विपक्षी खेमे में काफी गतिविधि चल रही है.' विपक्षी एकता के प्रयास के तहत भारतीय जनता पार्टी के विरोधी विभिन्न दलों के नेता यहां 23 जून को एक बैठक के लिए जुटेंगे.

मांझी ने हाल ही में कहा था कि 2014 में लोकसभा चुनाव में जद(यू) की हार के बाद हुयी शर्मिंदगी से बचने के लिये नीतीश ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था, इस पर नीतीश ने कहा कि उन्होंने पार्टी सदस्यों की इच्छा के खिलाफ पद छोड़ा था. उन्होंने कहा, 'कोई भी नहीं चाहता था कि मैं इस्तीफा दूं, लेकिन मैं अपनी बात पर कायम रहा. पार्टी के लोगों में इस बात पर आम सहमति नहीं थी कि मेरा उत्तराधिकारी कौन होगा। इसलिए मुझे हस्तक्षेप करना पड़ा और मैंने मांझी को यह सोचकर चुना कि अनुसूचित जाति का एक व्यक्ति प्रदेश का मुख्यमंत्री बने.'

# हमने भी चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं : मौलाना तौकीर रजा



'हमें किसी भी कार्रवाई पर प्रतिक्रिया करने के लिए मजबूर न करें'। दरगाह आला हजरत से जुड़े इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान के इस बयान से राजनीति में भूचाल आ गया है। अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले मौलाना तौकीर रजा खान ने उत्तराखंड में मुस्लिमों के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। वह सख्त लहजे में कहते नजर आए कि हमें किसी भी हरकत पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर न करें। हमने हाथों में चूड़ियां भी नहीं पहनी हैं। हम किसी भी हद तक जाएंगे। उत्तराखंड सरकार का घेराव करने देहरादून तक जाएंगे। मौलाना तौकीर रजा खान ने सरकार से मांग की है कि हिंदूवादी संगठनों पर नकेल कसनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जैसे संगठन देश हित में काम करने का दावा करते हैं लेकिन उनकी गतिविधियां देश विरोधी हैं। सरकार को इनका इलाज करना चाहिए। उत्तराखंड सरकार की लापरवाही के कारण मकबरे और मस्जिदों को तोड़ा जा रहा है। मुसलमानों को पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। मुसलमानों को भड़काने का काम बीजेपी कर रही है। पहले बीजेपी वाले अपने मंदिरों को तोड़े और उसके बाद वह मजारों को तोड़ने की बात करें ।मौलाना तौकीर रजा खान ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है। मौलाना ने कहा कि मुसलमानों को समान नागरिक संहिता का विरोध करने की जरूरत नहीं है. यह सबके हित में है और सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। मौलाना पिछले महीने यूपी निकाय चुनाव 2023 के दौरान अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड को राजनीतिक मुद्दा बनाकर विवादों में आ गए थे।

# बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री से विवाह की बात थी झूठ? शिवरंजनी बोलीं- 'मेरा तो शादी का संकल्प ही नहीं'





मेडिकल की छात्रा शिवरंजनी तिवारी बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलने के लिए छतरपुर तक पहुंच गई हैं. हालांकि जानकारी के मुताबिक बागेश्वर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पांच दिनों के अज्ञातवास पर हैं. बाबा को प्राणनाथ बता चुकीं शिवरंजनी के बारे में कहा जा रहा है उनकी इच्छा धीरेंद्र शास्त्री से शादी करने की है. इस पर बाबा ने कहा था कि कुछ लोग उनकी रोज उनकी शादी तय करा देते हैं और हर बार बिटिया भी बदल देते हैं. आज 16 जून है और इसी दिन बागेश्वर धाम पहुंचने का संकल्प लेकर उत्तराखंड के गंगोत्री धाम से वापस मध्य प्रदेश पहुंची शिवरंजनी का बयान सामने आया है.

गंगोत्री से छतरपुर की पैदल कलश यात्रा में प्रचंड गर्मी समेत कई चुनौतियां आईं. बागेश्वर धाम आते आते तबीयत कुछ नासाज हुई, कमजोरी की शिकायत हुई लेकिन शिवरंजिनी ने अपना एक संकल्प तो पूरा कर लिया. शिवरंजनी तिवारी ने बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से शादी करने के संकल्प पर बड़ा बयान देते हुए कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि मेरा शादी का संकल्प है, ना मेरा पर्चा खुला और ना मेरे संकल्प के बारे में पता चला.' इसके साथ ही शिवरंजिनी ने भगवा वस्त्र पहनने को लेकर हुई आलोचना पर भी सफाई देते हुए अपनी बात रखी है. गौरतलब है कि कुछ घंटे पहले ही बद्रीनाथ से आए शंकराचार्य ज्योतिष पीठ के मीडिया प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र योगीराज सरकार ने उनके भगवा वस्त्र पहनने पर सवाल उठाए थे.

शिवरंजनी तिवारी 14 जून को छतरपुर पहुंची थीं. यूपी के महोबा जिले से होते हुए छतरपुर के बॉर्डर पर पहुंची शिवरंजनी तिवारी का लोगों ने भव्य स्वागत किया था. आज के शुभ दिन को लेकर उन्होंने कहा था कि वो अद्भुत दृश्य होगा जब वो अपने आराध्य से मिलेंगी. अपने ताजा बयान में तो उन्होंने ये भी कहा कि प्राणनाथ का मतलब धीरेंद्र शास्त्री खुद समझते हैं. ऐसे में माना जा रहा है कि अब उन्होंने बागेश्वर बाबा के साथ शादी की अटकलों को खुद विराम दे दिया

# बुर्का पहनकर शराब खरीदने पहुंची महिला को धमकाया, गिरफ्तारी के बाद वीडियो बनाकर मांगी माफी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, बीते दिन एक मुस्लिम महिला बुर्का पहनकर शराब खरीदने ठेके पर गयी थी।

ये बात वहां मौजूद कुछ मुस्लिम युवकों को पसंद नहीं आई। उन्होंने महिला को रोका और उसे दुबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। इतना ही नहीं युवकों ने महिला को उसका सिर कलम करने की भी धमकी दी। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेते हुए युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जेल की सलाखों के पीछे पहुंचते ही युवकों की सारी अकड़ निकल गई। उन्होंने जेल से एक वीडियो बनाकर महिला को धमकी देने पर माफी मांगी है।

मुजफ्फरनगर में 12 जून को एक महिला बुर्का पहनकर ठेके पर बियर खरीदने गयी थी। तभी वहां खड़े 40 साल के बाकू उर्फ ????शाहनवाज, 30 साल के आदिल अहमद और 35 साल के साजिद अहमद ने उन्हें रोका और उनके बियर खरीदने पर आपत्ति जताई।

इतना ही नहीं तीनों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में, युवक महिला को धमकाते नजर आ रहे हैं। तीन में एक युवक 'तुम यहां शराब क्यों खरीद रहे हो,

तुम मुझे नहीं जानते, मैं कई बार जेल जा चुका हूं मैं अभी तुम्हारा सिर कलम कर दूंगा' कहता सुनाई दे रहा है।

मुजफ्फरनगर पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद मामले पर संज्ञान लिया और तीनों भाईयो को गिरफ्तार कर लिया है। इसपर बात करते हुए डीएसपी विक्रम आयुष ने कहा, 'घटना रविवार शाम को हुई। मामले का संज्ञान लेते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें जल्द ही मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।' इसके अलावा तीनों भाईयो ने सलाखों के पीछे से एक वीडियो रिकॉर्ड कर महिला को धमकाने पर माफी है।



## बुर्का पहनीं लड़कियों को परीक्षा में नहीं मिली एंट्री

तेलंगाना के गृह मंत्री महमूद अली का एक बयान इन दिनों विवाद का विषय बना गया है. उन्होंने महिलाओं के लिए कहा कि अगर वे कम कपड़ों में हैं तो यह दिक्कत हो सकती है लेकिन वे अधिक कपड़ों में हैं तो इससे लोगों को शांति मिलेगी. गृह मंत्री महमूद अली का यह बयान एक कॉलेज में बुर्का पहनी लड़कियों की परीक्षा में एंट्री पर रोक के बाद आया है. महमूद अली ने इस घटना की बहुत निंदा की है. इसके बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि अपराधियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. हालांकि, उन्होंने लड़कियों के छोटे कपड़ों पर टिप्पणी की जिसकी वजह से विवाद बढ़ गया. केवी रंगा रेड्डी कॉलेज में परीक्षा देने कुछ छात्राओं पहुंची थीं और उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज ने उन्हें बुर्का पहनकर आने से रोका. उन्होंने दावा किया कि परीक्षा केंद्र पर कॉलेज के कर्मचारियों ने उनसे बुर्का हटाने को कहा. एक छात्रा ने कहा कि कॉलेज के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र में एंट्री से बुर्का उतारने के लिए मजबूर किया और बाहर बुर्का पहनने के लिए कहा. छात्राओं ने आगे कहा कि इसी असमंजस की वजह से करीब आधे घंटे तक परीक्षा में बैठने से रोका गया

# बेटी के ब्वायफ्रेंड संग प्राइवेट फोटोज देख भड़की मां! रास्ते से हटाने के लिए फाड़ दिया पेट

उत्तर प्रदेश के आगरा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में एक महिला के मर्डर के आरोप में उसकी नाबालिग बेटी और उसके ब्वायफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोप है कि नाबालिग बेटी के रिलेशनशिप के बारे में महिला को पता चल गया था. उसने बेटी के बॉयफ्रेंड संग उसकी प्राइवेट फोटोज देख ली थीं. इसके बाद महिला ने कहा था कि वो बेटी के बॉयफ्रेंड को जेल पहुंचाकर ही रहेगी. फिर बेटी, उसके बॉयफ्रेंड और बॉयफ्रेंड के दोस्त ने मिलकर महिला को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया. आइए जानते हैं कि ये पूरा मामला क्या है?

डीसीपी विकास कुमार ने बताया कि बिजनेसमैन उदित राज की पत्नी अंजलि बजाज के मर्जर के आरोप में उनकी ही नाबालिग बेटी, बेटी के बॉयफ्रेंड प्रखर और प्रखर के साथी शीलू को गिरफ्तार कर लिया गया है. डीसीपी ने ये भी बताया कि अंजलि बजाज को मारने की साजिश उनकी ही नाबालिग बेटी ने अपने ब्वायफ्रेंड प्रखर गुप्ता और प्रखर गुप्ता के फ्रेंड शीलू के संग मिलकर रची थी.

पुलिस के मुताबिक, कारोबारी उदित की बेटी 11वीं क्लास में पढ़ती है. करीब 6 महीने पहले उसकी प्रखर नामक लड़के से उससे दोस्ती हुई थी. इसके बाद प्रखर उसके घर भी आया था. पुलिस ने आगे कहा कि कुछ दिन पहले ही अंजलि बजाज ने अपनी बेटी के मोबाइल में प्रखर के साथ उसकी तस्वीरें देख ली थीं और उनको प्रखर के साथ अपनी बेटी के संबंध होने की जानकारी पता चल गई थी. इसके बाद अंजलि बजाज ने कहा था कि वो प्रखर को जेल भिजवाकर ही मानेगी. इसके बाद बेटी ने प्रखर के संग मिलकर अपनी ही मां अंजलि बजाज को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रच डाली. पुलिस के मुताबिक, 7 जून को वनखंडी मंदिर के पास अंजलि बजाज को प्रखर ने पकड़ लिया और प्रखर के साथी शीलू ने चाकू से अंजलि बजाज के पेट और हाथ पर ताबड़तोड़ वार किए. इस तरह दोनों ने अंजलि बजाज को मौत की नींद सुला दिया.

# Uniform Civil Code को लेकर बढ़ी सक्रियता, विधि आयोग ने धार्मिक संगठनों से महीने भर में मांगे विचार

भारत के विधि आयोग ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर राय और टिप्पणियां मांगने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया। यह 21वें विधि आयोग द्वारा अगस्त 2018 में इसी मुद्दे पर एक परामर्श पत्र जारी करने के बाद से पांच साल के अंतराल के बाद आया है। नई अधिसूचना में कहा गया है कि इस विषय की प्रासंगिकता और महत्व के साथ-साथ इससे संबंधित अदालती आदेशों को देखते हुए, भारत के 22वें विधि आयोग ने इस विषय पर फिर से विचार करना आवश्यक समझा। इसी से बडा सवाल उठने लगा है कि क्या केंद्र की ओर से समान नागरिक संहिता को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी गई है।

विधि आयोग ने बताया है उसने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा 'समान नागरिक संहिता' (यूसीसी) पर लोगों तथा मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के सदस्यों सहित विभिन्न हितधारकों के विचार आमंत्रित कर नये सिरे से परामर्श की प्रक्रिया बुधवार को शुरू कर दी। इससे पहले, 21वें विधि आयोग ने मुद्दे की पड़ताल की थी और समान नागरिक संहिता पर दो मौकों पर सभी हितधारकों के विचार मांगे थे। उसका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग को हाल में तीन साल का कार्य विस्तार दिया गया है।

# फेसबुक पर शादीशुदा दलित महिला को हुआ प्यार, बॉयफ्रेंड ने जबरन कराया धर्मपरिवर्तन, पुलिस ने किया गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में अवैध धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। एक शख्स ने फेसबुक पर एक दलित परिवार की शादीशुदा महिला से दोस्ती की। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार हो गया और बाद में आदमी महिला को साथ भागा ले गया। जानकारी के अनुसार महिला को घर से भगाने के बाद इस्लाम में परिवर्तित करा दिया गया।

सिद्धार्थनगर के उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी को पांच अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है और आईपीसी की धारा 504 और 506, एससी/एसटी अधिनियम और उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण विरोधी कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। शैलेश कुमार की चार साल पहले लक्ष्मी से शादी हुई थी। हालांकि, इस साल 31 मई की रात को लक्ष्मी अपने साथ 55,000 रुपये और सोने के जेवरात लेकर अचानक लापता हो गई।

परिजनों ने घटना की सूचना तुरंत थाने में दी और कार्रवाई की मांग की। दो दिन बाद पता चला कि जिले के सिसवां गांव निवासी सजौल्लाह ने फेसबुक पर शैलेश की पत्नी से दोस्ती की थी और कुछ साथियों के साथ उसे मुंबई ले गया था।

मुंबई में उन्होंने एक धर्म परिवर्तन किया और उसका नाम लक्ष्मी से मुस्कान में बदल दिया। इसके बाद, सज़ाउल्लाह ने निकाह समारोह में 'मुस्कान' से शादी की। युवती के परिजन मुंबई पहुंचे और दोनों पक्षों की समझाइश के बाद उसे ससुराल वापस लाने में कामयाब रहे।

शैलेश ने बताया कि सज़ाउल्लाह के अपनी पत्नी से संबंध के बारे में उन्हें तब पता चला जब उन्होंने लक्ष्मी की चचेरी बहन से बात की. चचेरी बहन ने खुलासा किया कि लक्ष्मी सिसवां गांव के एक लड़के से फेसबुक पर चैट करती थी और दोनों फोन पर भी बात करते थे ।शैलेश ने यह भी कहा कि लक्ष्मी ने मुंबई ले जाने से पहले नासिक से कल्याण में रहने वाले अपने चाचा से संपर्क किया था। लक्ष्मी ने कथित तौर पर अपने चाचा से कहा कि उसे जबरन मुंबई ले जाया गया और वह छोड़ना चाहती है। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया।



# पीएम मोदी का US दौरा

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की आगामी यात्रा 2023 की सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक यात्राओं में से एक है। पीएम 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा करेंगे, जो उनका पहला आधिकारिक स्टेट विजिट है।

## 21 तोपों से सलामी

पहली बार होगा जब मोदी को व्हाइट हाउस पहुंचने पर 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। व्हाइट हाउस में ही 22 जून को उनके सम्मान में स्टेट डिनर होगा।



## कब, कहां, क्या करेंगे

### 21 जून 2023

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। फिर वह वॉशिंगटन DC पहुंचेंगे।



### 22 जून 2023

- वाइट हाउस के साउथ लॉन में प्रधानमंत्री मोदी का शानदार स्वागत समारोह होगा।
- मोदी अमेरिकी संसद के साझा सत्र को संबोधित करेंगे।



### 23 जून 2023

- अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पीएम मोदी के लिए विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में लंच की मेजबानी करेंगे।
- भारतीय-अमेरिकी समुदाय वॉशिंगटन के रोनाल्ड रीगन सेंटर में मोदी के लिए डिनर देगा।

## बाइडेन प्रशासन ने कहा इस सदी में भारत से बेहतर साझेदार नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत वैश्विक राजनीति के सभी पहलुओं में अहम भूमिका निभाता और इससे बेहतर कोई साझीदार नहीं हो सकता है।

# अफगानी टीम को 546 रन से शिकस्त देकर बांग्लादेश ने रचा इतिहास



अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश ने 21वीं सदी की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत हासिल की है। ढाका के शेरे बांग्ला स्टेडियम में अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले गए एकमात्र टेस्ट में मेजबान टीम ने 546 रनों से बड़ी जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। बांग्लादेश की टीम शुरुआत से ही इस मुकाबले में मजबूत स्थिति में दिखी। उसने अफगानिस्तान के सामने जीत के लिए 662 रनों का बड़ा टारगेट रखा था, लेकिन मेहमान टीम दूसरी पारी में महज 115 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। इस मैच के हीरो नजमुल हुसैन शांतो रहे। उन्होंने मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए और मैन ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया।

दरअसल, इस मैच में अफगानिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बांग्लादेश को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बांग्लादेश ने पहली पारी में स्कोर बोर्ड पर 382 रन टांगे। इसके जवाब में अफगानिस्तान टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 39 ओवर में 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पहली पारी के आधार पर बांग्लादेश की टीम को 236 रनों की बढ़त मिली।

मेजबान बांग्लादेश ने दूसरी पारी चार विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाकर घोषित कर दी। इस तरह बांग्लादेश ने मेहमान अफगानिस्तान को 662 रन का बड़ा लक्ष्य दिया। अफगानी बल्लेबाज ने अपनी पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी बांग्लादेश के सामने घुटने टेक दिए और पूरी टीम महज 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह मेहमान टीम ने इस मुकाबले में 546 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। नजमुल हुसैन शांतो ने इस मैच की दोनों ही पारियों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए दो शतक जड़े हैं। शांतो ने पहली पारी में 175 गेंदों का सामना करते हुए 23 चौकों की मदद से 146 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में 82.12 के स्ट्राइक रेट से 151 गेंदों का सामना करते हुए 124 रन बनाए। इस तरह शांतो ने अफगानिस्तान के खिलाफ एक मैच में 135 के औसत से 270 रन बनाए।



# वेस्टइंडीज दौरे से बाहर होंगे रोहित

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब गंवाने के बाद अब टीम इंडिया के खिलाड़ी एक महीने के छुट्टियां मना रहे हैं। छुट्टियों के बाद भारतीय टीम करीब एक महीने के वेस्?टइंडीज दौरे पर पर जाएगी। जहां दो मैचों की टेस्ट सीरीज, तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

# सीएसके सुपरस्टार सियासी पिच पर शुरू करने जा रहा नई पारी, इस सीट से लड़ सकता है चुनाव

इंडियन प्रीमियर लीग का एक सुपरस्टार अब राजनीति की पिच पर नई पारी की शुरुआत करने जा रहा है। उन्होंने पिछले सप्ताह ही आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से मुलाकात की थी, जिसके बाद से उनके राजनीति में आने के कयास लगाए जा रहे थे।

**सीएसके का सुपरस्टार सियासी पिच पर शुरू करने जा रहा नई पारी, इस सीट से लड़ सकता है चुनाव।**

इंडियन प्रीमियर लीग का एक सुपरस्टार अब राजनीति की पिच पर नई पारी की शुरुआत करने जा रहा है। आईपीएल 2023 के सीजन के अंत में संन्यास का ऐलान कर टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी अंबाती रायडू जल्द ही जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस में शामिल होकर आंध्र प्रदेश से विधानसभा या फिर लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा सकते हैं। बता दें अंबाती रायडू आईपीएल 2023 में एमएस धोनी की चेन्नई सुपरकिंग्स टीम का हिस्सा थे और फाइनल मुकाबले में ही उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उन्होंने पिछले सप्ताह ही आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी से मुलाकात की थी, जिसके बाद से उनके राजनीति में आने के कयास लगाए जा रहे थे।

### गुंटूर जिले के मूलनिवासी हैं रायडू

अंबाती रायडू को कृष्णा या गुंटूर जिले की किसी सीट से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। क्योंकि रायडू मूलरूप से गुंटूर जिले के निवासी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जगनमोहन रेड्डी अंबाती रायडू चुनाव मैदान में उतारने का बन बना चुके हैं। हालांकि अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया जा सका है कि उन्हें विधानसभा चुनाव में उतारा जाएगा या फिर लोकसभा चुनाव में आजमाया जाएगा।

### इन सीटों से उतारा जा सकता है चुनावी मैदान में

वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का सुझाव है कि अगर अंबाती विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं तो उन्हें पोंनुर या गुंटूर वेस्ट से उतारा जाए। वहीं, अगर वह लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें मछलीपट्टनम सीट से मैदान में उतारा जाए, जो कि उनके लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकती है। अंबाती रायडू ने भी हाल ही में बयान दिया था कि राजनीति में एंट्री करने वाले युवाओं के लिए जगनमोहन रेड्डी प्रेरणास्त्रोत हैं और वह मुख्यमंत्री के फैसले का पालन करेंगे।

### अंबाती रायडू का क्रिकेट करियर

अंबाती रायडू ने भारतीय टीम के लिए 55 वनडे और 6 टी20 खेले हैं। वनडे में उन्होंने 47.05 की औसत से 1694 रन बनाए हैं, जिनमें उनके बल्ले से तीन शतक और 10 अर्धशतक निकले हैं।



वनडे में उन्होंने तीन विकेट भी चटकाए हैं। 6 टी20 में वह महज 42 रन ही बना सके। रायडू के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 204 मैच में 4332 रन बनाए, जिनमें उनके बल्ले से एक शतक और 22 अर्धशतक भी निकले।

**आईपीएल 2023 के सीजन के अंत में संन्यास का ऐलान कर टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी अंबाती रायडू जल्द ही जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस में शामिल होकर आंध्र प्रदेश से विधानसभा या फिर लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा सकते हैं।**

# पाकिस्तान टीम में श्रीलंका दौरे के लिए इस गेंदबाज ने की वापसी

हरफनमौला आमिर जमाल और अनकैप्ड बल्लेबाज मोहम्मद हुरैरा भी पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। टीम बनाते समय श्रीलंका की परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया था। श्रीलंका के खिलाफ अगले महीने से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। हरफनमौला आमिर जमाल और अनकैप्ड बल्लेबाज मोहम्मद हुरैरा भी पाकिस्तान की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। टीम बनाते समय श्रीलंका की परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया था। टीम में दो कीपर-बल्लेबाज, चार तेज गेंदबाज, छह विशेषज्ञ बल्लेबाज और चार स्पिनर हैं। शाहीन टेस्ट विकेटों के शतक से सिर्फ एक विकेट दूर है। 3 दिसंबर को बाएं हाथ के इस गेंदबाज के डेब्यू के बाद से किसी अन्य पाकिस्तानी गेंदबाज ने उनसे अधिक विकेट नहीं लिए हैं। 23 साल की शाहीन का औसत 24.86 है और उसकी इकॉनमी 3.04 है। मोर्ने मोर्कल को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा टीम का गेंदबाजी कोच नामित किया गया है, जिन्होंने यह घोषणा भी की थी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज और पीसीबी का छह महीने का अनुबंध है। पाकिस्तानी टीम नौ जुलाई को श्रीलंका के लिए रवाना होने से पहले एक शिविर के लिए तीन जुलाई को कराची में एक साथ आएगी। आने वाले समय में श्रीलंका क्रिकेट दौरे का कार्यक्रम सार्वजनिक करेगा। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच अंतिम टेस्ट सीरीज़ जुलाई 2022 में 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। अमीर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, हसन अली, इमाम-उल-हक, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, नोमान अली, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद, सऊद शकील, शाहीन अफरीदी और शान मसूद बनाते हैं श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम में जगह दी गयी है।



# पिंपल्स को दूर करने के लिए ऐसे करें तुलसी का इस्तेमाल

**एक्ने व पिंपल्स को दूर करने के लिए हम तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से पिंपल्स की समस्या को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में तुलसी का इस्तेमाल करें। इसकी पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटिफंगल होती हैं।**

ब्रेकआउट्स व पिंपल्स एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया है। यूं तो एक्ने व पिंपल्स को दूर करने के लिए हम तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से पिंपल्स की समस्या को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में तुलसी का इस्तेमाल करें। इसकी पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटिफंगल होती हैं। तुलसी के इन्हीं गुधों के कारण इसे स्किन के लिए काफी अच्दा माना जाता है। आप इसकी मदद से पिंपल्स व स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों को आसानी से दूर कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि स्किन की केयर करने और पिंपल्स को दूर करने के लिए इसे कैसे इस्तेमाल कर



# गर्मियों में स्किन की देखभाल के लिए बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। स्किन की देखभाल का सबसे पहला नियम होता है कि आप अपनी स्किन और मौसम को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर प्रोडक्ट्स का चयन करें। यूं तो मार्केट कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स से अटा पड़ा है, लेकिन अगर स्किन की देखभाल के लिए घर पर ही इन प्रोडक्ट्स को तैयार किया जाए तो इसे सबसे अच्छा माना जाता है। यह ना केवल पॉकेट फ्रेंडली होता है, बल्कि नेचुरल होने के कारण इनसे स्किन को किसी तरह का नुकसान भी नहीं होता है। चूंकि अब गर्मियों का मौसम हैं तो ऐसे में आप स्किन की केयर के लिए घर पर ही टोनर बना सकते हैं। आप कई अलग-अलग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करते हुए इसे बनाएं।

### ग्रीन टी टोनर-

यह स्किन टोनर एजिंग स्किन के लिए काफी अच्छा है। एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण ग्रीन टी फ्री रेडिकल्स को बेअसर कर सकती है और स्किन को यंगर बनाती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कप ग्रीन टी तैयार करें। अब आप इसे ठंडा होने दें। फिर इसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की पांच से छह बूंदें डालकर मिक्स करें। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

### लुक:खीरे से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। अब आप ब्लेंड किए हुए खीरे को एक साफ कपड़े से छान लें। खीरे के रस में रुई या रुई डुबोएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद साफ पानी से चेहरा धो लें।

### एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में एलोवेरा जेल से बेहतर दूसरा कोई स्किन केयर इंग्रीडिएंट नहीं हो सकता है।

यह ना केवल आपकी स्किन को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसकी हीलिंग प्रॉपर्टीज भी आपकी स्किन को बेदाग बनाने में मदद करती है। एलोवेरा जेल से टोनर बनाने के लिए एक बाउल में आधा कप एलोवेरा जेल और आधा कप रोज वाटर डालकर मिक्स करें। जब यह अच्छी तरह ब्लेंड हो जाए तो आप इसे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।



# चाहिए लंबे, घने बाल तो दालचीनी का करें इस्तेमाल

दालचीनी बालों को लिए भी काफी अच्छा मानी जाती है। अगर इसकी मदद से हेयर पैक बनाकर बालों में लगाया जाए तो इससे बाल कुछ ही समय में घने हो जाते हैं। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल गुण बालों व स्कैल्प हेल्थ को बेहतर बनाते हैं।

खूबसूरत, लंबे और घने बाल देखने में बहुत अच्छे लगते हैं। अमूमन ऐसे बाल पाने के लिए हम बाजार से कई तरह के प्रोडक्ट लेकर आते हैं, जो काफी महंगे होते हैं। लेकिन अगर आप बजट में रहकर अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो आपको अपनी किचन में मौजूद चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। इन्हीं में से एक है दालचीनी। यह आपके खाने को बेमिसाल महक व स्वाद देती है, लेकिन वहीं इसे बालों को लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। अगर इसकी मदद से हेयर पैक बनाकर बालों में लगाया जाए तो इससे बाल कुछ ही समय में घने हो जाते हैं। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल गुण बालों व स्कैल्प हेल्थ को बेहतर बनाते हैं।



स्किन की केयर करने के लिए उसे समय-समय पर स्क्रब करने की जरूरत पड़ती है। यह आपकी डेड स्किन सेल्स को दूर करने के साथ-साथ स्किन को ग्लोइंग बनाता है। तरबूज से स्क्रब तैयार करने के लिए पहले तरबूज का रस निकालें।

# सेहत ही नहीं, आपकी स्किन का भी ख्याल रखेगा तरबूज

गर्मी का मौसम हो और घर में तरबूज ना आए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। पानी से भरपूर यह फल खाने में बेहद ही टेस्टी लगता है। इसमें कई तरह के विटामिन्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अमीनो एसिड होते हैं, जो आपकी स्किन के लिए भी उतने ही अच्छे माने जाते हैं। इसलिए तरबूज को स्किन केयर रूटीन में शामिल करना काफी अच्छा रहता है। आप तरबूज की मदद से अपनी स्किन को हाइड्रेट कर सकते हैं और एक खूबसूरत स्किन पा सकते हैं।

### तरबूज से बनाएं फेस मास्क

गर्मी के मौसम में तरबूज से बनने वाला फेस मास्क आपकी स्किन को नरिश्ड करता है और सूरज की हानिकारक किरणों से भी स्किन को प्रोटेक्ट करता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज के कुछ ताजे टुकड़ों को एक ब्लेंडर में ब्लेंड करें। अब आप इसमें शहद और दही डालकर मिक्स करें। इसके बाद आप अपने फेस को क्लीन करें और तैयार मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे रहने दें। अंत में, आप अपनी स्किन को पानी की मदद से धो लें।

### बनाएं वॉटरमेलन फेशियल मिस्ट

चूंकि तरबूज में पानी अधिक मात्रा में होता है, इसलिए यह आपकी स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। तरबूज की मदद से फेशियल मिस्ट बनाने के लिए आप पहले तरबूज को काट लें और फिर उसे ब्लेंड कर लें। अब आप इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें। जब भी आपको अपनी स्किन में थकान महसूस हो, तो आप तैयार मिस्ट से अपने चेहरे पर स्प्रे करें।

### तरबूज से तैयार करें स्क्रब

स्किन की केयर करने के लिए उसे समय-समय पर स्क्रब करने की जरूरत पड़ती है। यह आपकी डेड स्किन सेल्स को दूर करने के साथ-साथ स्किन को ग्लोइंग बनाता है। तरबूज से स्क्रब तैयार करने के लिए पहले तरबूज का रस निकालें। इसके बाद इसमें चीनी और नारियल का तेल मिलाएं। अब आप इस होममेड स्क्रब को अपनी स्किन पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में मसाज कर लें। कुछ देर के लिए इसे स्किन पर ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, आप स्किन को पानी की मदद से क्लीन करें।

# गुटखा मालिक समेत तीन अन्य पर गंभीर धाराओं में मुकदमा, पुलिस जांच मे जुटी

## मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुटखा मालिक पर दर्ज की एफआईआर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंद नगर थाने में एसएनके गुटखा कि मालिक समेत चार के खिलाफ पुलिस ने हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिय है। आरोप है कि, कर्मचारी के रुपए मांगने पर उसे बंधक बना लिया। कमरे के अंदर बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद उसे तीसरे मंजिल से नीचे फेंक दिया।कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ितपक्ष की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।कन्नौज के अब्दुलपुर गांव निवासी सीताराम के मुताबिक, 22 साल का मेरा बेटा बीते एक साल से दादा नगर की एसएनके लाइन गुटखा फैक्ट्री में 15 हजार रुपए प्रति माह के वेतन पर पर नौकरी करता था। मृतक के पिता का आरोप है कि, फैक्ट्री मालिक गुड्डू और ठेकेदार नीटू बीते छह माह से उसका वेतन नहीं दे रहे थे।बेटे ने पैसे की डिमांड की तो मालिक गुड्डू ठेकेदार नीटू समेत अन्य लोगों ने उसे बेरहमी से पीटा था।इसके बाद वह काम छोड़कर घर आ गया था।

–मारकर छत से फेंका

पिता के मुताबिक, 20 दिन के बाद बेटा अपना बकाया लेने के लिए फिर कानपुर आया। आरोप है कि 7 जून को पैसा नहीं देने को लेकर विवाद के चलते फैक्ट्री मालिक गुड्डू की शह पर ठेकेदार नीटू, मकान मालिक राजेश ठाकुर और उसके गुंडों ने मेरे बेटे को साजिश के तहत रंजिश का बदला लेने के लिए पहले शराब पिलाई। इसके बाद उसे जमकर पीटने के बाद फैक्ट्री की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया।इससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी गिरने से गंभीर चोटों से मौत की पुष्टि हुई है।

आरोप निराधार

वहीं, पूरे मामले में गुटखा फैक्ट्री प्रबंधन का कहना है कि हादसे के दौरान छत से गिरकर कर्मचारी की मौत हुई है। परिजन मुआवजे को लेकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। छत का मामला था। इसके चलते सीसीटीवी में कुछ कैद नहीं हो सका है।फिर भी फैक्ट्री के कर्मचारी समेत अन्य लोग हादसे के गवाह हैं। पुलिस की जांच में सब साफ हो जाएगा।गोविंद नगर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर एसएनके गुटखा कंपनी के मालिक गुड्डू, ठेकेदार नीटू, मकान मालिक राजेश ठाकुर समेत अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।मामले की जांच की जा रही है।जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कोचिंग से लौट रहे बाइक सवार छात्रों को ट्रक ने कुचला



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर।पतारा कस्बा निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र विनोद दिवाकर इटर का छात्र था।शनिवार सुबह वह रायपुर गांव निवासी अपने दोस्त 22 वर्षीय अंकुश पुत्र राकेश कुमार के साथ पतारा कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित कोचिंग सेंटर से कोचिंग पढ़कर वापस लौट रहे थे।तभी कानपुर–सागर हाइवे पर पहुंचते ही घाटमपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार छात्रों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे मे बाइक सवार दोनों छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। रहागीरो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ दोनों छात्रों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वही हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर कानपुर की ओर भाग रहा था, जिसे ग्रामीणों ने धरमपुर बम्बा के पास से पकड़कर पुलिस को सौपा है।थानाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों को सूचना देने के साथ दोनों छात्रों के शव को पीएम के लिए भेजा है। ट्रक पकड़ा गया है।तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# घाटमपुर में ग्राम प्रधान ने साथियों संग युवक को बेरहमी से पीटा



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। अकबरपुर झवैया गांव मे देर रात ग्राम प्रधान ने अपने साथियो संग मिलकर गांव के रहने वाले एक युवक को बेरहमी से पीट दिया। परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक समेत ग्राम प्रधान पति और साथियों को लेकर थाने आ रही थी।रास्ते मे युवक की तबियत बिगड़ी तो पुलिसकर्मी युवक को घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान पति और उसके साथियों को हिरासत मे लेकर जांच पड़ताल शुरू की है। युवक को कमरे मे बंदकर बेरहमी से पीटा, पुलिस कर रही जांच घाटमपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर झवैया गांव निवासी वर्षीय राहुल यादव पुत्र जगनायक 30 खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मां माया देवी ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते दिनों खलिहान की जमीन पर ग्राम प्रधान दिव्या देवी के पति यदुवेंद्र सिंह उर्फ बीरू के द्वारा गड्ढा खुदवाया जा रहा था।

# सपा ने कानपुर योजना समिति के चुनाव में 3 प्रत्याशी उतारे

कानपुर। योजना समिति के होने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पार्षद दल के नेता जावेद अख्तर गुड्डू अर्पित रेनू यादव एवं मोहम्मद मेराज सहित तीन प्रत्याशी घोषित किए आज योजना समिति के चुनाव में नामांकन का आखिरी दिन होने के कारण जावेद अख्तर गुड्डू रेनू अर्पित यादव एवं मोहम्मद मेराज ने महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में कचहरी स्थित जिला अधिकारी कार्यालय में अपना–अपना नामांकन पत्र दाखिल किया नामांकन जुलूस में नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू नगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर के अलावा तीनों प्रत्याशियों के सैकड़ों समर्थक नामांकन जुलूस में मौजूद रहे इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद एवं पार्षद दल के नेता जावेद अख्तर गुड्डू ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी तीनों प्रत्याशी पार्टी के मतदाताओं के अलावा निर्दलीय एवं अन्य मतदाताओं से घर घर जाकर संपर्क करके समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करके पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजई बनाने का कार्य करेंगे

# रेप के आरोप में सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरफ्तार, ऑफिस की युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।गोविंद नगर पुलिस ने रतनलाल नगर निवासी सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्रपाल यादव के खिलाफ रेप और मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।शुक्रवार रात को पुलिस ने आरोपी के फ्लैट पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।आरोपी इंद्रपाल को शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जाएगा। उनके ऑफिस में काम करने वाली युवती ने ही रेप का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।रतनलाला नगर के श्रीराम वाटिका इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में रहने वाला सपा नेता इंद्रपाल यादव का इलाके में ही ऑफिस है।इंद्रपाल कानपुर देहात की उमरन से समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य और सरवनखेड़ा से ब्लॉक प्रमुख रह चुका है।

**युवती ने लगाया आरोप**

कानपुर देहात की रहने वाली युवती ने बताया, करीब 10 साल पहले ग्रेजुएशन करने के साथ ही ऑफिस में पार्ट टाइम जॉब शुरू किया था। वह शहर में रहने के लिए कमरा तलाश रही थी। उस दौरान इंद्रपाल ने अपने ही बिल्डिंग में एक दो कमरों का फ्लैट रहने के लिए दे दिया। किराया पूछने पर बोले जो बाहर किराया दोगी मुझे दे देना। इसके बाद मैं फ्लैट में शिफ्ट हो गई।युवती का आरोप है, फ्लैट में रहने के 15 दिन बाद इंद्रपाल ने ऑफिस में रेप किया और अश्लील फोटो–वीडियो बना लिया। इसके बाद फोटो–वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई साल तक यौन शोषण करता रहा। युवती ने बताया, कुछ दिन पहले उसे ऑफिस में सफाई के दौरान अश्लील फोटो वाला मेमोरी कार्ड मिल गया। इसके बाद मैने ऑफिस जाना छोड़ दिया। फिर मामले की गोविंद नगर थाने में तहरीर दी।गोविंद नगर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया, %आरोपी इंद्रपाल यादव के खिलाफ शनिवार को रेप, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में स्नद्बक्रदर्ज करके अरेस्ट कर लिया। अब उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।पीड़ित युवती ने कहा, सपा नेता इंद्रपाल यादव के खिलाफ खड़े होने पर उसने उसके प्लॉट का दाखिल खारिज रुकवा दिया। फ्लैट की बिजली काट देता था।इतना ही नहीं एक दिन वह फिर से वह अपने डॉक्यूमेंट लेने के लिए दफ्तर गई तो बाल खींचकर पीटा। धमकाते हुए कहा, अगर मुंह खोला तो हत्या करके यहीं नाले में फेंक दूंगा।इसके बाद फिर से दुष्कर्म किया और कहा कि तेरी औकात यही है। इसके बाद युवती ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# 376 में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



कानपुर।अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम मे थाना हरवंश मोहाल पर धारा 376 मे वांछित चल रहे नामित अभियुक्त माना राम उर्फ मोहन चौधरी पुत्र मादा राम उम्र 26 वर्ष निवासी निम्बावास थाना तहसील झिनमाल जिला जालौन राजस्थान हाल पता 5/58 हरनाम सरस्वती मार्ग करोल बाग दिल्ली को विवेचक प्रभारी निरीक्षक मय हमराह उपनिरीक्षक राजाराम व कांस्टेबल पवन कुमार के मोबाइल की लोकेशन पतारसी व सुरागरसी कर अथक प्रयास से अभियुक्त माना राम उर्फ मोहन चौधरी उपरोक्त को हाल पता 5/58 हरनाम सरस्वती मार्ग करोल बाग दिल्ली से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

# एडीजी जोन ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों से मुलाकात कर दी बधाई



कानपुर।38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में आयोजित 71वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक वॉलीवॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, योग, टेबिल टेनिस एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों से आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जोनल कार्यालय सभागार कक्ष में मुलाकात कर बधाई तथा शुभकामनाएं दी गयी तथा भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# क्यों होता है गर्भपात, कैसे रखें हम सुरक्षित भ्रूण को, गर्भ में को लेकर गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।होटल रॉयल क्लिफ में डॉ मीरा अग्निहोत्री एवं डॉ. ऊषा गोयंका डॉ कंचन शर्मा एवं कानपुर ओब्स एंड जिनेकोलॉय सोसाइटी ( कॉस) द्वारा अति महत्वपूर्ण विषय ष् क्यों होता है गर्भपात कैसे रखें हम भ्रूण को गर्भ में सुरक्षित पर संगोष्ठी रखी गई इस विषय पर एक गोष्ठि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ बोगडेन टरलेटस्की व मीरा अग्निहोत्री, उषा गोयनका व समस्त डॉक्टरों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ बोगडेन टरलेटस्की ने इस मौके पर कहा कि महिलाओं के गर्भपात को लेकर एक दवा विकसित की है जो कि बहुत ही कारगर साबित होंगी।इसी क्रम में डॉ मीरा अग्निहोत्री ने बताया कि अनियमित जीवनशैली असंतुलित खान–पान प्रदूषित होता पर्यावरण माता के गर्भ में विकसित होते भ्रूण पर किस प्रकार प्रभाव डाल कर गर्भपात कराता है एवं इस समस्या के निराकरण के लिए हमारे पास क्या विकल्प एवं कौन सी दवाइयां उपलब्ध है इस पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ बोगडेन टरलेटस्की ने अपना व्याख्यान दिया। यदि गर्भवती मां अशक्त हो तो गर्भपात होने के आसार बढ़ जाते हैं। सशक्त मां सशक्त भ्रूण और सशक्त शिशु, जैसे अति महत्वपूर्ण विषय पर डॉ मीरा अग्निहोत्री ने अपना व्याख्यान दिया।अनियमित जीवनशैली असंतुलित खान–पान प्रदूषित होता पर्यावरण माता के गर्भ में विकसित होते भ्रूण पर किस प्रकार प्रभाव डाल कर गर्भपात कराता है एवं इस समस्या के निराकरण के लिए हमारे पास क्या विकल्प एवं कौन सी दवाइयां उपलब्ध है इस पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ बौगडैन टरलेटस्की ने अपना व्याख्यान दिया। किसी महिला को बार–बार गर्भपात क्यों होता है एवं बारंबार गर्भपात के लिए नवीन उपचार एवं औषधियों के विषय में पैनल परिचर्चा में गहन मंथन हुआ। पैनलिस्ट में डॉ नीना गुप्ता, डॉ संगीता सारस्वत, डॉ रेशमा निगम, डॉ संगीता आर्या, डॉ युथिका बाजपाई, डॉ आशीष मिश्रा डॉ मोनिका सचदेव एवं डॉ कंचन माला रही तथा पैनल की परिचर्चा का संचालन डॉ मीरा अग्निहोत्री एवं अध्यक्षता डॉ उषा गोयनका, डॉ कंचन शर्मा, डॉ नीलम मिश्रा एवं डॉ कल्पना दीक्षित द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा द्विवेदी एवं डॉ शैली अग्रवाल द्वारा किया गया।

# तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन

कानपुर।सीएसए तथा उजाला सिग्नस कुलवंती हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय ( 15 से 17 जून) स्वास्थ्य शिविर का समापन विश्वविद्यालय के मानव चिकित्सालय पर किया गया। इस अवसर पर कुलवंती हॉस्पिटल के डॉ आर के तिवारी द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग 150 शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मियों के साथ–साथ छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण किया गया है।जिसमें वजन, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर, सी0बी0सी0, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच शामिल है इसके साथ–साथ आंखों की भी जांच की गई है। उन्होने कहा कि शिविर में बड़े उत्साह के साथ लोगों ने प्रतिभाग किया। जिन व्यक्तियों को सी0बी0सी0 अथवा अन्य जांचें विपरीत पाई गई उनको निशुल्क परामर्श दिया गया तथा साथ ही कुछ बड़ी जाँचों की भी सलाह दी गई। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ रामप्यारे द्वारा बताया गया कि शिविर के स्वास्थ्य जागरूकता के दृष्टिगत भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का नियमित रूप से आयोजन विश्वविद्यालय में किया जाएगा तथा यह कार्य विश्वविद्यालय हित में होगा।उन्होंने उन्होंने निशुल्क जांचे एवं निशुल्क परामर्श के लिए कुलवंती हॉस्पिटल का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ एस के सिंह द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य सभी की प्राथमिक आवश्यकता है तथा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

# रामगंगा नहर मे डूबने से किशोर की मौत



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव निवासी जगदीश यादव ने बताया कि उनका 11 वर्षीय बेटा मुल्लू गांव के किनारे से निकली रामगंगा नहर मे भैसो को लेकर पानी पिलाने गया था। तभी भैस पानी पीने के बाद नहर मे उतरने लगी, जिसे किशोर नहर किनारे से हाककर बहार निकालने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान अचानक किशोर का पैर फिसल गया।जिससे वह नहर मे जा गिरा और पानी मे डूब गया।नहर मे डूबने से किशोर कि मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलते ही नहर किनारे ग्रामीणों कि भीड़ जुट गई। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर के शव को ढूढ़कर नहर से बहार निकाला जा सका। सूचना पाकर मौके पर पहुंची साढ़ पहुंची तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसपर पुलिस ने किशोर के शव का पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। साढ़ थानाध्यक्ष सच्चिदानंद ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे, जिसपर पंचायतनामा की कार्रवाई करके शव परिजनो को सौंप दिया गया है।

# बिल्हौर में समाधान दिवस का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

## उप जिलाधिकारी और तहसीलदार बिल्हौर को कारण बताओ नोटिस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मण्डलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने अपर आयुक्त (प्रशासन) के साथ तहसील बिल्हौर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि जो भी शिकायतकर्ता/प्रार्थीगण आये थे, उनके बैठने व पीने के पानी के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी और न ही उन्हें लाइन में खड़ा कर के ही प्रार्थना पत्र लिया जा रहा था।



मण्डलायुक्त ने पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पंजिका को चेक किया। पाया कि कौन सा प्रार्थना पत्र किस अधिकारी को मार्क किया गया।जिन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। उसकी निस्तारण आख्या का पंजिका में उल्लेख नहीं किया गया और न ही उप जिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा इसे सत्यापित कर इसकी ग्रेडिंग ही की गयी है।इसके साथ ही जिन शिकायतों के निस्तारण का पंजिका में उल्लेख है, तो उनके निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ता से बात कर उसकी गुणवत्ता की पुष्टि नहीं की गयी है, जो कदापि उचित नहीं है।समाधान दिवस में कुछ लेखपाल अपना बस्ता नहीं लाये थे। जिनके पास मौके पर बस्ता था तो उनके पास जन सुनवाई रजिस्टर, सम्पत्ति रजिस्टर, वाद रजिस्टर, आज्ञा रजिस्टर इत्यादि नहीं था। उपजिलाधिकारी और तहसीलदार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार द्वारा समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो को त्वरित रूप से निस्तारित नहीं किया जा रहा था।इस पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पब्लिक को प्राथमिकता पर सुनना होगा। गरीब जनता को इग्नोर नहीं किया जा सकता और तहसीलदार, नायब तहसीलदार का गरीब जनता के प्रति कैसा बर्ताव होना चाहिए, यह समझाया।

इस दौरान मण्डलायुक्त ने 5 से 10 प्रकरणों को मौके पर टीम भेजकर ही निस्तारण कराया, जो प्रार्थीगण खतौनी उद्धरण के लिए आये थे, तो उन्हें मौके पर ही खतौनी निकलवाकर उपलब्ध करायी गयी।उपरोक्त कमियों के लिए उप जिलाधिकारी, बिल्हौर व तहसीलदार, बिल्हौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस को मानक के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए।

# ऊर्जा नियंत्रण, वितरण के लिए एबीबी इंडिया के इलेक्ट्रिफिकेशन सोल्यूशंस को किया इंस्टॉल

कानपुर।एबीबी की आधुनिक टेक्नोलॉजी सुचारू और एक समान ऊर्जा वितरण सुगम बनाने में सहायता करती है। इस कारण यात्रियों के लिए यात्रा करना निर्बाध और सुविधाजनक हो जाता है। यह बात पत्रकार वार्ता में बताई गई। आगे बताया कि एबीबी इंडिया पूरे भारत में 13 मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए इलेक्ट्रिफिकेशन सोल्यूशंस उपलब्ध कराकर भारतीय मेट्रो प्रणाली के लिए योगदान दे रही है। मौजूदा परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो प्रणाली को अपग्रेड करना भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन के सबसे महत्वपूर्ण रूपों में से एक बन गया है। यह सस्टेनेबल सार्वजनिक ट्रांज़िट के साथ बेहतर गुणवत्ता और सुविधा प्रदान करने में भी सहायता करती है।

# प्रवर्तन दल ने थर्मोकोल का प्रतिबंधित सामान ले जाते हुए 2 वाहन पकड़े और एक लाख जुर्माना वसूला

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने फिर देर रात नाके लगा कर एक ट्रक और एक पिकअप पकड़ा जो थर्मोकोल से निर्मित प्लेटें और कटोरी ले जा रहे थे।दोनों गाडियां में बाबा आनंदेश्वर प्लास्टिक की रनिया स्थित फैक्टरी से यह प्रतिबंधित



सामान बबेरू और घंटाघर भेजा जा रहा था। ट्रक से 162 बोरियों में साढ़े छह क्विंटल माल लेकर बबेरू जा रहा था, और पिकअप से 50 पैकेजों में दो क्विंटल थर्मोकोल घंटाघर जा रहा था। रात में दोनों गाड़ियों को नगर निगम में खड़ा करा दिया गया।पकड़े गए थर्मोकोल का कुल वजन 850 किलो है जिसको कूड़ा कंपैक्टर गाड़ी से दबवा कर पनकी कूड़ा प्लांट निस्तारण हेतु भिजवा दिया गया। गाड़ी मालिकों से जुर्माने के रूप में राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा 1 लाख रुपए वसूले गए।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राजेश गुप्ता, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर इत्यादि शामिल रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

**मुद्रक प्रकाशक** स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6–ए/7 **रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित।** **आर.एन.आई. नं.** UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट–समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।